वर्ष 24, अंक 130, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 19 नवंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम एकता मॉल: यूपी के ODOP उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान, हजारों को मिलेगा रोजगार

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध कला, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। 'एक ज़िला एक उत्पाद' (ओडीओपी) पहल के जरिए पारंपरिक शिल्पकला को पुनर्जीवित करने के बाद, सरकार अब प्रधानमंत्री एकता मॉल के जरिए 75 ज़िलों की पहचान वैश्विक मंचों पर स्थापित करने की तैयारी कर रही है।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लुप्त हो रहे पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित करना, कारीगरों की आजीविका को मजबूत



करना और स्थानीय उत्पादों को "स्वदेशी की नई ताकत" के रूप में स्थापित करना है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी पीएम एकता मॉल परियोजना, राज्यों में स्थानीय उत्पादों की बिक्री, प्रदर्शन और ब्रांडिंग के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रही है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में, प्रमुख शहरों में अत्याधुनिक पीएम एकता मॉल तेजी से विकसित किए जा रहे हैं। आगरा के शिल्पग्राम में 11.53 एकड़ में 128.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है, जहां ब्रज, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के जिलों के उत्पादों की देशभर में ब्रांडिंग की जाएगी।

वाराणसी की गंगानगर कॉलोनी में 1.46 एकड़ में 154.71 करोड़ रुपये की लागत से एक एकता मॉल बनाया जा रहा है, जहाँ काशी की पारंपरिक बनारसी साड़ियाँ, जरी-जरदोजी का काम, लकड़ी के खिलौने, रुद्राक्ष उत्पाद और बहुत कुछ नई ऊँचाइयों को छुएगा। लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में 64 करोड़ रुपये की लागत से 4.86 एकड़ में एक एकता मॉल स्थापित किया जा रहा है और इसके दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अवध के चिकनकारी, जरी के काम और अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए एक विशाल बाजार प्रदान करेगा।

## राम मंदिर पर फहराया जाएगा केसरिया रंग का ध्वज, सूर्य के साथ होंगे ये खास प्रतीक चिन्ह

**अयोध्या**

**अयोध्या** में 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस ध्वजारोहण का अर्थ है कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है.

चंपत राय के अनुसार मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर की ऊंचाई 160 फीट है. इसके ऊपर लगाए गए ऊंचे ध्वज-दंड को मिलाकर ध्वज जमीन से लगभग 191 फीट की ऊंचाई पर फहराया जाएगा.



उन्होंने बताया कि ध्वज-दंड पहले ही स्थापित किया जा चुका है और ध्वज को हाथ से चढ़ाया जाएगा.

ध्वज का स्वरूप और आध्यात्मिक महत्व

ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि ध्वज केसरिया रंग का होगा, जिस पर सूर्य का चिन्ह अंकित रहेगा. सूर्य के मध्य में 'ॐ' लिखा होगा जो परमात्मा का प्रथम उच्चारण है।

## महाराष्ट्र की राजनीति में फिर आया नया मोड़

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** की राजनीति इस समय स्थानीय निकाय चुनावों की आहट के साथ एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। जहां सत्तारुढ़ महायुति गठबंधन अपने संगठनात्मक विस्तार और रणनीतिक बढ़त के साथ आगे बढ़ता दिख रहा है, वहीं विपक्षी महा विकास आघाड़ी (टश्अ) के भीतर मतभेद गहराने लगे हैं। काँग्रेस द्वारा बृहन्मुंबई महानगरपालिका (इटउ) चुनाव अकेले लड़ने के निर्णय ने न केवल टश्अ की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि यह भाजपा के लिए भी एक अप्रत्यक्ष अवसर बनकर उभरा है।

हम आपको बता दें कि अक्ळउ के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने साफ किया है कि मुंबई कांग्रेस ने इटउ चुनाव अपनी ताकत पर लड़ने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। उनके अनुसार, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने समझौता किया, लेकिन इस बार स्थानीय स्तर पर कांग्रेस अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को मजबूत करना चाहती है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने तो यहां तक कहा कि, ꠲हम राज ठाकरे की टठर के साथ कैसे हाथ मिलाएँ?꠲ यह सवाल न सिर्फ राजनीतिक रणनीति बल्कि वैचारिक असहमति को भी उजागर करता है। यह स्पष्ट है कि मुंबई कांग्रेस अपनी स्थानीय साख और संगठनात्मक शक्ति को



पुनर्जीवित करने के लिए गठबंधन की छाया से बाहर आना चाहती है।

एक तरफ MVA के घटक दल एकजुटता की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और टठर प्रमुख राज ठाकरे की बढ़ती नजदीकियों ने गठबंधन में असहजता पैदा कर दी है। दोनों चचेरे भाइयों के संभावित राजनीतिक पुनर्मिलन की अटकलों ने कांग्रेस और ठउढ दोनों को असमंजस में डाल दिया है।

वहीं, भाजपा ने इस उथल-पुथल को भांपते हुए अपने महाराष्ट्र मिशन को आगे बढ़ाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा का स्पष्ट लक्ष्य है– इटउ पर कब्जा और महायुति की पकड़ को राज्य के हर स्तर पर मजबूत बनाना।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस के अलग लड़ने के फैसले को मामूली बताते हुए यह दावा किया ।

## दिल्ली में निर्माण मलबे का नया 'पब्लिक मॉडल' लागू



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बढ़ते निर्माण एवं विध्वंस कचरे को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए एमसीडी ने एक नई पहल शुरू की है. शहर के चार प्रमुख प्रसंस्करण संयंत्रों में तैयार होने वाली सेमी- प्रोसेस्ड सामग्री को अब पहली बार सरकारी एजेंसियों के साथ आम नागरिक भी निर्धारित शुल्क पर प्राप्त कर सकेंगे. इसका उद्देश्य न केवल लैंडफिल्स पर बोझ कम करना है, बल्कि पुनर्चक्रण को बढ़ावा देकर निर्माण संसाधनों के बेहतर उपयोग को प्रोत्साहित करना भी है.

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) फिलहाल शहर में चार स्थानों बुराड़ी (जहांगीरपुरी के पास), रानी खेड़ा, बक्करवाला और शास्त्री पार्क में सी एंड डी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र चला रहा है. इन संयंत्रों में रोजाना आने वाले निर्माण मलबे को छांटकर उससे स्टोन ग्रिट, कोर्स सैंड, फाइन सैंड और स्क्रीन की गई मिट्टी जैसी उपयोगी सामग्री तैयार की जाती है. एमसीडी सिर्फ निर्माण सामग्री ही नहीं, बल्कि पुनर्नवीनीकृत उत्पादों की एक रेंज भी तैयार करवा रहा है. इनमें सीसी ब्लॉक्स, चेकर टाइल्स और कर्ब स्टोन्स शामिल हैं, जिन्हें सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ आम जनता भी खरीदकर अपने निर्माण और विकास कार्यों में प्रयोग कर सकती है.

लैंडफिल पर दबाव घटाने की नई पहल

संसाधनों के चक्रीय उपयोग को बढ़ावा देने और शहर के भरते लैंडफिल्स को राहत देने के उद्देश्य से एमसीडी ने अब सेमी- प्रोसेस्ड सी एंड डी मलबे की सार्वजनिक आपूर्ति शुरू करने का निर्णय लिया है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड, सलमान खान के घर पर फायरिंग...लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई को वर से लाया जा रहा भारत



**महाराष्ट्र**

**कुख्यात** अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के भाई, गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत वापस लाया जा रहा है। वह महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की साजिश सहित कई हाई-प्रोफाइल मामलों में मुख्य आरोपी है। सूत्रों के अनुसार, अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय एजेंसियां ??बिश्नोई गिरोह के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त करना चाहती हैं, जो कथित तौर पर उत्तरी अमेरिका से संचालित होता था। अनमोल बिश्नोई, जिसे पिछले वर्ष नवम्बर में अमेरिकी अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में लिया था। अनमोल को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। 66 वर्षीय सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की चार्जशीट, जिसमें 26 गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम हैं, में अनमोल बिश्नोई को वह व्यक्ति बताया गया है जिसने अपराध सिंडिकेट पर भय और प्रभुत्व स्थापित करने के लिए हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से वॉयस क्लिप बरामद की हैं, जिनमें कथित तौर पर अनमोल के निर्देश और हत्या के पीछे की मंशा शामिल है।

अनमोल बिश्नोई अप्रैल 2024 में अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर हुई गोलीबारी में भी वांछित आरोपी और मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है।

मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) के आरोपपत्रों में अंतरराष्ट्रीय साजिश का विस्तृत विवरण दिया गया है।

## जल प्रबंधन के लिए नई दिशा भी सुझाई- राष्ट्रपति

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय-जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सभ्यता की गाथा नदी घाटियों, समुद्र तटों और विभिन्न जल स्त्रोतों के आसपास बसे समूहों की कहानी है। उन्होंने कहा, "हमारी परंपरा में नदियां, झीलें और अन्य जल स्त्रोत



पूजनीय हैं। हमारे राष्ट्रीय गीत में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया पहला शब्द "सुजलम्" है। इसका अर्थ है "प्रचुर जल संसाधनों से धन्य"। यह तथ्य हमारे देश के लिए जल की प्राथमिकता को दशार्ता है।"

राष्ट्रपति ने कहा, "जल का कुशल उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का कुशल उपयोग और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारी जनसंख्या की तुलना में हमारे जल संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है।" उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में, सरकार और जनता को जल उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने केंद्र और राज्य सरकारों, जिला प्रशासनों, ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के स्तर पर जल संरक्षण और उसके सुसंगत प्रबंधन को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

## 20 को बिहार में नई सरकार, नीतीश ने गांधी मैदान का किया दौरा

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन की राह तेज हो गई है। विजयी एनडीए ने प्रत्येक गठबंधन सहयोगी की संख्या के आधार पर मंत्रिस्तरीय विभागों के बंटवारे को अंतिम रूप देने का फैसला किया है। बिहार के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य एनडीए नेता 20 नवंबर को राज्य में नई सरकार के शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गांधी मैदान पहुंचे। भाजपा नेता नितिन नबीन ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह की पूरी तैयारी हो चुकी है...यह बिहार में विकास की नई उड़ान का शपथ ग्रहण समारोह है। इसलिए, इस बात की तैयारी की जा रही है कि हम इसके लिए उत्सव का माहौल कैसे बना सकते हैं।

नितिन नबीन ने कहा कि विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री यहां आ रहे हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कई अन्य केंद्रीय मंत्री आ रहे हैं। इसलिए, पूरा एनडीए परिवार, साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी यहां आने वाले हैं। बिहार इसे एक उत्सव की तरह मनाएगा...मुख्यमंत्री स्वयं हर चीज की समीक्षा कर रहे हैं। वहीं, एनडीए के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, मंत्रियों के विभागों का बंटवारा पूरी तरह से पार्टी की संख्या के आधार पर किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि भाजपा बुधवार (19 नवंबर) सुबह 10 बजे अपने विधायक दल की बैठक करेगी। उन्होंने बताया कि अंतिम मंत्रिपरिषद का बंटवारा दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय चर्चा के बाद होगा। उन्होंने बताया कि इन बैठकों के बाद एक सैद्धांतिक सूची तैयार की गई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ विस्तृत चर्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि दिल्ली



से नेता पटना के लिए रवाना हो गए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि भाजपा की बैठक के बाद अंतिम सूची जल्द ही जारी की जाएगी। विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए, भाजपा ने दिल्ली से पर्यवेक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल पटना भेजा है। इसने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। मंत्रिपरिषद का बंटवारा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे से जुड़े एक स्पष्ट फॉमूर्ले के अनुसार हो रहा है। चुनाव परिणामों के आधार पर, मंत्रिमंडल बंटवारे का यह फॉमूर्ला तय होता है।

केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद नीतीश कुमार अपने पद पर बने रहेंगे। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने आश्चर्य जताया कि मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई ꠲भ्रम꠲ क्यों है। उन्होंने हालांकि कहा कि हर पार्टी की अपनी प्रक्रिया होती है और राजग भी बिहार के मुख्यमंत्री को चुनने के लिए बैठकें करेगा।

### इधर भारत ने लिया तगड़ा एक्शन, उधर UN ने रगड़ दिया

## बुलडोजर लेकर हसीना का घर तोड़ने पहुंचे कट्टरपंथी

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सजा-ए-मौत का फैसला सुनाया है। हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध में दोषी करार दिया है। 453 पेज के आदेश में आईसीटी ने बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री असादुजमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनाई है।कट्टरपंथी जमात के युवा बुलडोजर लेकर हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीब के ढाका के धानमंडी इलाके में स्थित घर को ढहाने



पहुंच गए। लेकिन पुलिस ने खदेड़ दिया। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरुद्ध फैसले को पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया, लेकिन मृत्युदंड दिए जाने पर खेद भी व्यक्त किया।

युनूस सरकार को वठ की फटकार

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को यहां दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि गुतारेस संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क के इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं कि हम किसी भी परिस्थिति में मृत्युदंड के इस्तेमाल के खिलाफ हैं। दुजारिक बांग्लादेशी अदालत द्वारा हसीना को उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाए जाने पर संरा महासचिव की प्रतिक्रिया से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने एक बयान में कहा कि हसीना और पूर्व गृह मंत्री के खिलाफ न्यायाधिकरण द्वारा सुनाया गया फैसला पिछले साल विरोध प्रदर्शनों के दमन के दौरान किए गए गंभीर उल्लंघनों के पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, हमें मृत्युदंड लागू करने पर भी खेद है, जिसका हम सभी परिस्थितियों में विरोध करते हैं।

## हरियाणा के इन सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, नायब सिंह सैनी सरकार ने किया बड़ा ऐलान

**हरियाणा**

**हरियाणा** सरकार ने उन राज्य कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि को मंजूरी दी है, जो 5वीं वेतन आयोग की वेतन संरचना के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे हैं. संशोधित दर के अनुसार, डीए को मौजूदा 466 फीसदी से बढ़ाकर 474 फीसदी किया गया है, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी. वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व संभालने वाले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. बढ़ा हुआ डीए नवंबर 2025 के वेतन के साथ प्रदान किया जाएगा, जबकि जुलाई से अक्टूबर



2025 तक की बकाया राशि दिसंबर 2025 में दी जाएगी.

वित्तीय नियमों के अनुसार, डीए की राशि में यदि 50 पैसे या उससे अधिक का अंश हो तो उसे अगले पूर्ण रुपये तक पूर्णांकित किया जाएगा, और 50 पैसे से कम के अंश को नजरअंदाज किया जाएगा।

# कोरांव में 150 वीं पटेल जयंती पर एकता यात्रा आयोजित






अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** नगर पंचायत कोराव अंतर्गत 18 नवंबर 2025 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एकता यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें नहर कॉलोनी से प्रस्थान करके लेडियारी रोड तिराहा के आगे समापन किया गया।

आयोजन में विधायक राजमणि कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष जमुना पार राजेश शुक्ला सांसद राज्य सभा संगीता बलवंत बिंद, पुष्पराज सिंह पटेल अशोक कुमार पांडे राजेश्वरी प्रसाद तिवारी संजय सिंह अजीत प्रताप सिंह हरी कृष्ण द्विवेदी बबुआन द्विवेदी, सूर्य प्रताप सिंह राजेश कुमार द्विवेदी तथा नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी पूर्व नगर अध्यक्ष नर्सिंग केसरी तथा क्षेत्र के तमाम संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे तथा यातायात शुगम बनाने हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा जी के आदेशानुसार जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण को थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्रा के नेतृत्व में यातायात सुगम बनाने हेतु पुलिस बल के साथ डी सी पी सी वॉलिंटियर ड्यूटी पर उपस्थित रहे जिसमें दिग्विजय सिंह संगम लाल जायसवाल मोहम्मद असलम सफात अली शाह चंद्र प्रकाश सिंह अजय कुमार रामचंद्र इंद्रजीत सिंह एस आई गिरीश चंद्र राय एस आई मोनीस आलम दीवान शमशेर सिंह कांस्टेबल बृजेश कुमार आशीष यादव अवधेश कुमार आशीष जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# बस की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत, बेटे की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश




**मांडा-प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के मांडा खास - लालगंज मुख्य मार्ग पर सोमवार देर रात एक निजी बस की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक में कट मारा, जिससे महिला सड़क पर गिर गई और बस की चपेट में आ गई। यह घटना मांडा थानांतर्गत धरी के समीप हुई।

अनियंत्रित प्राइवेट बस (नंबर यूपी 70 जीटी 0437) ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी 51 वर्षीय नानकी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतका के बेटे अखिलेश कुमार (निवासी ग्राम पूरा काशी नाथ, दुबार कला, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर) बाइक चला रहे थे। वे इस हादसे में बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर मांडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी हाउस भेज दिया है।

अखिलेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी बस चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी बाइक में कट मारा, जिससे उनकी मां ननकी देवी गिर गईं और बस के पहिए के नीचे आ मां ननकी देवी गिर गईं। बाइक पर सवार होकर माँ के साथ मांडा अपने घर लालगंज की तरफ जा रहा था वही प्राइवेट बस लालगंज की तरफ से मांडा प्रयागराज के लिए आ रही थी।

तहरीर के आधार पर, पुलिस ने प्राइवेट बस (नंबर यूपी 70 जीटी 0437) के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बस को पुलिस ने हिरासत में लेकर मांडा थाने पर खड़ी कराया गया है।

मांडा उपनिरीक्षक निहाल गुप्ता ने बताया कि मृतका के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मिशन शक्ति का दिख रहा नया आयाम : बिटियाँ हो रहीं जागरूक

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** बेटियां आज शिक्षा हो या खेल हर क्षेत्र में हो रही हैं अग्रणी और अपने अधिकार का कर रही हैं प्रयोग। जिसको दृष्टिगत रखते हुए नारियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर थाना थरवई मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल व टीम में एस आई आकांक्षा, सुधा आदि द्वारा थाना क्षेत्र थरवई के जैतवारडीह में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना थरवई की टीम ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण और सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जागरूक किया। टीम ने महिलाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस आपात सेवा डायल 112 व साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि नंबरों पर बड़े ही विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मातृत्व सहायता और राशन /आवास संबंधी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझायी। मिशन शक्ति टीम सदस्य आकांक्षा द्वारा भी महिलाओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, दुर्व्यवहार या संदेहात्मक स्थित दिखाई देने पर तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।अभियान के दौरान महिला सुरक्षा केंद्र प्रभारी निधि पटेल ने साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा आत्मरक्षा के महत्व के बारे में भी जानकारी दी । मिशन शक्ति ने यह भी बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। मौके पर मौजूद महिलाओं ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया। मिशन शक्ति टीम में मौजूद रहीं एस आई आकांक्षा ने महिलाओं व बेटियों को साइबर अपराध व गुड टच बैड टच क्या होता आदि उन्हें बताया, सुधा ने उनकी सुरक्षा व सम्मान को लेकर जानकरी दी।

## नए एडीओ पंचायत मांडा विकास खंड में तैनात

**कार्यभार संभाला, बोले- जनता की खुशहाली प्राथमिकता : अरुण कुमार यादव**



**मांडा।** जिला पंचायत राज अधिकारी ने मांडा विकास खंड में नए एडीओ पंचायत की तैनाती की है। सैदाबाद में तैनात रहे अरुण कुमार यादव को मांडा विकास खंड का नया एडीओ पंचायत बनाया गया। इससे पहले मांडा मुख्यालय पर तैनात एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा का स्थानांतरण कोरांव विकास खंड में कर दिया गया है। नए एडीओ पंचायत अरुण कुमार यादव ने मंगलवार को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने ग्राम प्रधानों और सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की खुशहाली ही विकास कार्यों का वास्तविक पैमाना है और यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

# प्रमसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जन चेतना रथ यात्रा निकालकर लोगों को किया जगरूक




अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वाधान में सत्ता प्राप्त करो व जन चेतना रथ यात्रा के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद बिंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने प्रयागराज जनपद के ग्रामीण क्षत्र लतीफपूर, इफको, फूलपुर, वीरकाजी, सहसों, अन्दावा, नैनी, उरूवा, मेजा, मांडा आदि गांवों में जाकर लोगों को जन चेतना के माध्यम से जागरूक करते अपने हक, अधिकार के साथ ही साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्र मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा तभी आप लोगों के आने वाली पीढ़ी को खुशहाली मिल पायेगी। आप लोग इस जन चेतना रथ यात्रा को सफल बनाने में हमारा साथ दें। इस जन चेतना के माध्यम से अति पिछड़ी जाती को हक, अधिकार व आरक्षण दिलाना है। साथ ही साथ आने वाले समय में त्रिस्तरीय चूनाव में प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के समर्पित सदस्य, कार्यकर्ता, पदाधिकारी को जीताने का काम करें। आगामी आने वाले विधान सभा के चूनाव मे ज्यादा से ज्यादा विधायक बनाकर सत्ता प्राप्त हो सके। यात्रा में प्रमुख रूप से राम धनी केवट, वी.पी.परवाना, एडवोकेट मदन बिंद, मौजी लाल, राकेश कुमार जायसवाल, लखपति केवट, महेन्द्र कुमार, जगदीश बिंद, मो. हकीम, प्रदीप कुमार, सूबेदार, राम बाबू,लाल चन्द, फूल चंद, बसंत लाल विश्वकर्मा, कुवर चन्द बिंद, राम अचल साहनी सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता शामिल मिल रहे।

# मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

**ब्लॉक संसाधन केंद्र कोरांव में आयोजित**

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी जीबीके अंतर्गत मीना मंच तथा पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने तथा सेल्फ एस्टीम के क्रियान्वयन हेतु राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा के तत्वावधान में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भदाता रमेंद्र कुमार सक्सेना तथा आभा रानी श्रीवास्तव ने सुगमकताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण में कुल 86 सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण का शुभारंभ के अवसर राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा प्रयागराज से यूनिसेफ से इंजी. मोहम्मद कमर ने ऑनलाइन उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कोराव मोहम्मद रिजवान जी ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया । खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सुगमकताओं के द्वारा जीवन कौशल एवं मॉड्यूल प्रगति के पंख, यूनिसेफ द्वारा निर्मित आधा फुल कॉमिक्स बुक के माध्यम से जेंडर स्टीरियोटाइप को तोड़ने के लिए सुगम कताओं के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। संदर्भदाता के रूप में रमेंद्र कुमार सक्सेना एवं आभा रानी ने सभी सत्रों को समयानुसार संपन्न किया इस दौरान वीरांगना ऐप, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अरमान मॉड्यूल, पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में भी प्रशिक्षण देते हुए प्रत्येक शनिवार को मीना मंच कैलेंडर एवं आदेशों निदेर्शों के अनुरूप इस कार्यक्रम के संचालन की जानकारी भी दी गई। आदरणीय बेसिक शिक्षा अधिकारी जी के आदेश/ निर्देश एवं जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) संतोष कुमार तिवारी के सपोर्टिव सुपरविजन में एवं खंड शिक्षा अधिकारी कोराव के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।

प्रशिक्षण के दूसरे दिवस पर यूनिसेफ की ओर से इंजी. मोहम्मद कमर रजा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान जी ने सभी सुगमकताओं से फीडबैक लिया एवम् प्रमाणपत्र वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया।

## दलित को मारा पीटा गया एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धरौता निवासी अखिलेश कुमार सरोज पुत्र राम नेवाज का आरोप है कि वह पडिला में निशान चढा कर वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे वह गांव के पास पहुंचे तभी दो बाइक पर पहले से घात लगाकर बैठे विपक्षी रास्ते में रोककर जाति सूचक गालियां देने लगे। पुलिस को आता देख कर हट गए। अखिलेश कुमार सरोज का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद फिर उसपर हमला कर दिए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए ईट पत्थर से उसके चेहरे पर जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिए। जिससे वह बेहोश हो गया। अखिलेश ने मऊआइमा थाने में ग्राम भवानीगढ़ निवासी रोशन लाल पटेल तथा उसके दोस्तों नाम अज्ञात के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# चनेथू में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की





अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चनेथू गांव में मुख्य यजमान गायत्री देवी एवं धनंजय पांडेय के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन मंगलवार को कथा व्यास अवनीश भाई महाराज ने श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा इस दौरान उपस्थित लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण के वेश में नन्हें बालक का दर्शन पूजन किया। सैकड़ों लोगों को भागवत कथा श्रवण कराते हुए महाराज ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण करने से मन को शांति मिलती है और अहंकार का नाश होता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया उपस्थित सैकड़ों लोग भागवत कथा सुनकर भावविभोर हो गये, कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ओझा, कैलाश नाथ पांडेय एवं राजकुमारी पांडेय, फूलचंद्र पांडेय, गुलाब चंद्र पांडेय, रामचंद्र पांडेय, तीर्थराज पांडेय, हरिमोहन पांडेय, कृष्णराज पांडेय, सुरेंद्र कुमार, शिव कुमार, सर्वेश कुमार, दिलीप कुमार पांडेय, अमित, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुनील, शुभम, ओम, साहिल, अनुज, उत्तम, ध्रुव, वेदांस सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पीएम श्री तातारगंज विद्यालय में शिक्षण संकुल की मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**बारा।** शासन द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाली शिक्षण संकुल बैठक परसरा संकुल की पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय तातारगंज में निर्धारित एजेंट के अनुसार संपन्न हुई। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बच्चों ने स्वागत गीत और शिक्षा से प्रेरित प्रस्तुतियां दी। बैठक में विद्यालय में हमारे प्रयास, अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नियोजन, निपुण विद्यालय आकलन के लिए प्रभावी कार्य योजना, अभिनव शिक्षण एवं स्वच्छ हरित विद्यालय पर उपस्थित अध्यापकों ने चर्चा किया। उपस्थित एआरपी एसएन मिश्रा ने सभी शिक्षकों से आगामी दिसंबर माह में होने वाले निपुण आकलन से संबंधित दिशा निर्देश दिया। बैठक में डा.सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश त्रिपाठी, रवि शिवम् द्विवेदी, नाज़िया सुल्ताना, नीरू सिंह, मीनाक्षी द्विवेदी, ममता गुप्ता, पल्लवी त्रिपाठी, अभिषेक, गुरूदयाल, प्रीति श्रीवास्तव, रमाशंकर त्रिपाठी, कमलेश कुमार, जितेन्द्र कुमार शर्मा, सुमंत भार्गव, राजकुमार, भारतेन्द्र त्रिपाठी, कंचन सिंह, रेखा रानी, नाहिद सुल्ताना, कविता शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन बबिता वर्मा ने किया।

# मांडा में भिंडी, मिर्च, अदरक सहित कई सब्जियां महंगी

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** क्षेत्र में बेमौसम बारिश के कारण सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खुदरा बाजारों में कीमतें दो से तीन गुना तक बढ़ गई हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मांडा खास, भारतगंज, नहवाई, चिलबिला, हाटा, दिघिया, सुरवांदलापुर और खवासकातारा जैसे बाजारों में सब्जियों की आपूर्ति घटने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। 15 दिन पहले 30 रुपये प्रति किलो बिकने वाला नया आलू अब 60 रुपये प्रति किलो हो गया है, जबकि टमाटर भी 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

भिंडी, मिर्च, परवल, मूली, बैंगन, लहसुन और अदरक के दामों में औसतन 15 से 20 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। पालक, नेनुआ और लौकी जैसी स्थानीय सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं। गोभी और स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, बेमौसम बारिश के कारण बाहर से आलू सहित अन्य सब्जियों की आपूर्ति कम हो गई है। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर सब्जियों में बरसाती कीड़े लगने से भी उन्हें दाम बढ़ाने पड़े हैं।

वहीं, आम ग्राहकों का आरोप है कि स्थानीय सब्जी विक्रेता बारिश के नाम पर मनमानी कीमतें वसूल रहे हैं। इसके कारण ग्रामीण इलाकों में लोगों की थाली से सब्जियां गायब होती जा रही हैं।

व्यापारी लछिमान सोनकर ने बताया कि देहात में सब्जी की उपज कम हो गई है। व्यापारी राजबहादुर सोनकर के अनुसार, अब तक देहातों में हरी सब्जियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती थीं, लेकिन बरसात के कारण किसानों की फसलें सड़ गईं, जिससे आलू और टमाटर के दाम भी बढ़े हैं।

किसान भोला नाथ गुप्ता ने जानकारी दी कि अक्टूबर माह से टमाटर, बैंगन, मिर्च, मूली और पालक जैसी सब्जियां खेतों में निकलना शुरू हो जाती थीं। किसान राम बाबू कुशवाहा ने बताया कि इस साल हर फसल के मौसम में बेमौसम बरसात होने से किसान प्रभावित हुए हैं, जिससे न केवल सब्जी के दाम बढ़े हैं, बल्कि अनाज और पशुओं के चारे की उपलब्धता भी मुश्किल हो सकती है।

# सिंचाई विभाग में तैनात बाबू को विजिलेंस ने 11 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**गुफरान को पैसा देने के लिए लिपिक जितेंद्र कुमार ने शिवकुटी इलाके के मेहंदौरी स्थित कार्यालय बुलाया था**

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** विजलेंस टीम ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाबू को 11 हजार रुपये घूस लेते हुए कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सिंचाई खंड प्रथम का अधिशासी अभियंता कार्यालय का बाबू जितेंद्र कुमार ठेकेदार गुफरान से रिश्वत की मांग कर रहा था। गुफरान ने अपना अनुबंध पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था। सारे कागजात पूरे होने के बावजूद अधिशासी अभियंता कार्यालय में उनकी फाइल अटकी थी। उन्होंने कई बार चक्कर लगाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अनुबंध जारी कराने के लिए लिपिक जितेंद्र ने पैसों की मांग की गई। 11 हजार पर बात तय हुई। इसकी शिकायत गुफरान ने एंटी करप्शन ब्रांच से की। आरोपी को पकड़ने के लिए विजिलेंस टीम को लगाई गई। गुफरान को पैसा देने के लिए लिपिक जितेंद्र कुमार ने शिवकुटी इलाके के मेहंदौरी स्थित कार्यालय बुलाया था। मौके पर पहुंचकर एक्सईएन ने जैसा ही रुपया लिया कि विजिलेंस टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

# फार्मर रजिस्ट्री को लेकर एस डी एम हुई खपा, बैठक में दिया शख्त निर्देश

अखंड भारत संदेश




**बारा प्रयागराज।** फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जिला प्रशासन नियमित तहसील प्रशासन, कृषि विभाग,खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित मीटिंग कर समीक्षा कर रहा है। इसके बावजूद बारा तहसील में संचालित सीएससी संचालक रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे नाराज एसडीएम बारा ने मंगलवार को पुनः संबंधित विभागों और संचालकों को सख्त निर्देश जारी किया है।

शासन की अति आवश्यक कार्यों में इस समय फार्मर रजिस्ट्री का काम माना जा रहा है। किसानों को भी इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया गया है इसके बावजूद बारा तहसील में अभी तक मात्र 56 प्रतिशत किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराया है। इससे एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पुनः सख्त निर्देश जारी किया है। एसडीएम बारा ने बताया कि सभी विभागों को बताया गया है कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत मिलने पर कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

**सीएससी संचालक नहीं ले रहे हैं रुचि**

फार्मर रजिस्ट्री के काम के लिए शासन द्वारा सीएससी ( जन सेवा केन्द्र) को भी जिम्मेदारी दी गई है किन्तु विभागीय जानकारी के अनुसार सीएससी संचालक रुचि नहीं ले रहे हैं।इस समय बारा तहसील के विकास खंड शंकरगढ़ और जसरा में लगभग 415 सीएससी काम कर रहे हैं। इनके संचालकों को भी अपने आसपास के किसानों को जागरूक कर फार्मर रजिस्ट्री करने का आदेश दिया गया है किन्तु बहुत कम ही संचालक रुचि ले रहे हैं।बीज गोदाम प्रभारी जसरा कमाल अहमद ने बताया कि एक केंद्र को बीज गोदाम पर सहयोग करने के लिए लगाया गया था किन्तु मात्र तीन दिन आने के बाद उसने बंद कर दिया है।एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। मंगलवार को पुनः आदेश दिया गया है। शिकायत आने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से 3 दुकानदार होंगे बेदखल

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में दुकानदारों का दावा खारिज, 25 साल से विवाद था

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में बनी दुकानों के कब्जे को लेकर दाखिल किरायेदारों की याचिका खारिज कर दी। इनका 25 साल से अधिक समय से विवाद चल रहा था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दुकानदारों से कहा कि संस्था एक सार्वजनिक धार्मिक एवं चैरिटेबल ट्रस्ट है और उसकी संपत्तियां यूपी किराया कानून के दायरे से बाहर हैं। कोर्ट ने निचली अदालत को शेष बचे दो मुकदमों को दो महीने में निपटाने का निर्देश भी दिया । मालूम हो कि 1944 में पंडित महामना मदन मोहन मालवीय के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ था। सन 1951 में 'श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट' की स्थापना की गई और 1958 में इसके प्रबंधन के लिए 'श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान' नामक सोसाइटी बनाई गई। संस्थान ने परिसर के अंदर कुछ दुकानें बनवाकर उन्हें किराए पर उठाया। इनमें से दुकान नंबर 8 -ए अशोक राघव, दुकान नंबर 8 सुश्री पद्मा राघव और दुकान नंबर 16-17 स्वर्गीय हरिश राघव (अब उनके वारिस) को दी गईं।

11 महीने के लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी किरायेदारों ने दुकानें खाली नहीं की , जिसके बाद संस्थान ने सन 2000-2002 के दौरान इनके खिलाफ बेदखली वाद दायर किए।

किरायेदारों ने कहा कि संस्थान एक सार्वजनिक धार्मिक या चैरिटेबल ट्रस्ट नहीं है, इसलिए उत्तर प्रदेश अरबन बिल्डिंग एक्ट, 1972 लागू होना चाहिए जो किरायेदारों को ज्यादा सुरक्षा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के सचिव कपिल शर्मा के पास उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का अधिकार नहीं था। कोर्ट ने ट्रस्ट डीड और सोसाइटी के मेमोरेंडम का अध्ययन करने के बाद कहा कि इसका उद्देश्य पूरे विश्व के हिंदुओं के लिए धार्मिक और कल्याणकारी कार्य करना है। इसलिए यह स्पष्ट रूप से एक 'सार्वजनिक धार्मिक और चैरिटेबल संस्थान' है। ऐसी संस्थाओं की संपत्तियां किराया कानून के दायरे से छूट हैं। कोर्ट ने कहा कि सोसाइटी के बाय-लॉज के मुताबिक सचिव और संयुक्त सचिव को संस्थान की तरफ से मुकदमे चलाने का पूरा अधिकार है। कपिल शर्मा के अधिकार पर संस्थान के किसी भी ट्रस्टी या मेंबर ने आपत्ति नहीं की, इसलिए किरायेदार इस आधार पर मुकदमे को चुनौती नहीं दे सकते। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि वह पद्मा राघव और हरिश राघव के वारिसों के खिलाफ लंबित बेदखली के मुकदमों की प्रक्रिया दो महीने के भीतर पूरी करे।

# एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की सुनीं शिकायतें

**कहा- जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जनसुनवाई की शिकायतों का समाधान और क्राइम कंट्रोल ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**

अखंड भारत संदेश



कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायतों का निस्तारण करते एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

**मेजा।** मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय ने स्वयं के कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं तथा उसके निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का समाधान करना एवं पीड़ितों को न्याय दिलाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि शासन के जीरो टॉलरेंस की नीति पर सर्किल में कानून का राज स्थापित करने को लेकर बेहद गंभीर रहने वाले सन 2020 के पीपीएस अधिकारी श्री उपाध्याय का मानना है कि जनसुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों का यदि समय से समाधान कर दिया जाए तो सर्किल में आए दिन हो रहे छोटे मोटे विवाद समाप्त हो जाएंगे और फरियादी थानों का चक्कर काटने से परहेज करेंगे। गौरतलब है कि क्षेत्र रक्षण से लेकर जनसुनवाई तक एक अलग अंदाज में कार्य करने वाले एसीपी उपाध्याय इन दिनों सीओ अनुज चौधरी माडल पर क्षेत्र की कमान संभाले हुए हैं। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति और क्राइम कंट्रोल के साथ साथ अपराधियों पर कड़ा एक्शन लेना ही उनकी प्राथमिकताएं रही हैं। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी, हेड पेशकर राधेश्याम तिवारी तथा अधिवक्ता आशुतोष पांडेय (राजू पांडेय) के अलावा कई अन्य फरियादीगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# चोरों ने दुकान की छत पर लगे टीन शेड को हटाकर नकदी सहित सामान पार कर दिया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सोमवार देर रात हनुमान नगर स्थित एक लाई चना की दुकान में चोरों ने दुकान की छत पर लगे टीन शेड को हटाकर नकदी सहित सामान पार कर दिया। चोर दुकान की छत पर लगे टीन शेड को हटाकर अंदर घुसे और गल्ले से नकदी व अन्य सामान उठा ले गए। सुबह दुकान मालिक के पहुंचने पर घटना का पता चला जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मिली जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर निवासी रमेश केशरवानी की हनुमान नगर में लाई चना की दुकान है। रमेश केशरवानी ने बताया कि वह रात में रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह दुकान खोलने पर पूरा सामान बिखरा मिला और चोरी की जानकारी हुई। रमेश के मुताबिक चोर गल्ले से करीब पाँच हजार रुपये नकद, जिसमें नोट व सिक्के शामिल थे, उठा ले गए। इसके अलावा दुकान में रखा एक स्पीकर भी चोरी हो गया। चोरों ने दुकान की छत पर लगे टीन शेड को हटाकर प्रवेश किया था। वही भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में लिखित शिकायत दी है।

# बीआरसी उरुवा के सभागार में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की आयोजित हुई काउंसिलिंग

**बीईओ वरुण मिश्रा ने काउंसिलिंग में पहुंचे सभी अभिभावकों का जताया आभार**

अखंड भारत संदेश



बीआरसी उरुवा के सभागार में काउंसिलिंग में भाग लेते दिव्यांग बच्चों के अभिभावक

**मेजा।** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र उरुवा के सभागार में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की तृतीय पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण कुमार मिश्रा में माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर अमरेश यादव व संतोष मिश्रा द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 के प्रावधान, पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में आने वाली चुनौतिया, बौद्धिक दिव्यांग सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की शिक्षा में आने वाली नीतियों एवं समाधान, उपकरण मापन वितरण कैंप, होम बेस्ड एजुकेशन आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विकास खंड उरुवा क्षेत्र से आए सभी अभिभावकों का आभार ज्ञापित कर एवं उन्हें जलपान के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नैनी क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिए



**नैनी।** नैनी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ महानगर के संयोजक घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में नगर निगम प्रयागराज के मुख्य अभियंता को क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में चाका क्षेत्र के डॉ. सूखेन, पार्षद अनूप पासी, टी.पी. सिंह, लाल बाबू जायसवाल, के.के. गौतम, रामबाबू सिंह एवं हरिराम पटेल शामिल रहे। ज्ञापन में बताया गया कि नैनी मेवालाल चौराहे पर स्थित संत मुनि की प्रतिमा के आसपास अंधेरा रहता है जिससे राहगीरों व स्थानीय नागरिकों को असुविधा होती है। प्रतिमा स्थल पर लाइट लगाने की मांग की गई है। इसके साथ ही मेवालाल चौराहे को बड़ा चौराहा होने के कारण यहां लगी हाई मास्ट लाइट को बदलने की भी मांग रखी गई।

# मेजा के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 20 को

**मेजा।** क्षेत्र के गोशौरा कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल एंड कालेज में 20 नवंबर को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी स्कूल की प्रबंधक श्रीमती डा स्वतंत्र मिश्रा ने दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता बीते 16 नवंबर को कलेक्ट्रेट प्रयागराज के संगम सभागार में हुई खेल कार्यकारिणी समिति की बैठक में दिए गए निदेशों के क्रम में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में एथेलेटिक्स, कुश्ती, बालीवाल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, कबड्डी, जूडो एवं बैडमिंटन शामिल है। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा। प्रबंधक के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सभी प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

# एमआर शेरवानी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सादिक हुसैन सिद्दीकी के निधन पर शोक

**25 वर्ष तक प्रबंधक के रूप मे कार्य किया**



**प्रयागराज।** एम. आर. शेरवानी इंटर कॉलेज सलाहपुर प्रयागराज के प्रबंधक सादिक हुसैन सिद्दीकी का लखनऊ में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही एम.आर. शेरवानी इंटर कॉलेज का पूरा स्टाफ शोक की लहर में व्याप्त हो गया। श्री सिद्दीकी के निधन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राशिद महमूद एवं शिक्षक एवं कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में उनकी आत्मा की शांति के दो मिनट का शोक व्यक्त किया। तथा प्रधानाचार्य एवं शिक्षक एवं कर्मचारिय एवं शुभचिंतकों ने उनके राजापुर स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की है। और उनके जनाजे की नमाज अदा करके उन्हें राजापुर स्थित कब्रिस्तान दोपहर 2:30 सुपुर्दे खाक दफन किया गया।शोक प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य राशिद महमूद उप प्रधानाचार्य एहतेशाम आलम सिद्दीकी, अहमद कमाल, वीरेंद्र कुमार पांडे, परवेज अहमद, मोहम्मद आसिफ, नाजिया सुल्तान, रागिनी दुबे, मोहम्मद साबिर, खालिद यासीन, शमून अहमद, जागेश्वर प्रसाद, मोहम्मद आफताब आलम, मोहम्मद अमीन खान, मोहम्मद शाहिद, सरवर अली, इरशाद अहमद, मोहम्मद वजी, मोइनुद्दीन, मोहम्मद मेराज अंसारी, आलोक यादव, राजीव प्रताप सिंह व प्रधान लिपिक एजाज अहमद, सुहैल, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

# महिला को मार पीट जख्मी किया गया, एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता डीह निवासनीय माया देवी पत्नी ज्वाला प्रसाद का कहना है कि उसके पति रोजी रोटी के सिलसिले में नोएडा में रहते हैं वह परिवार के साथ घर पर रहती है।माया देवी का आरोप है कि विपक्षी उसके आम के पेड की डाल काट लिए।मना करने पर जाति सूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए घर पर चढ कर उसका हाथ पकड़ कर घसीट कर मारे पीटे जिससे उसकी चूड़ियां टूट गई। थाने जाने पर हत्या की धमकी दिए।माया देवी ने मऊआइमा थाने में गांव के विलाश चन्द्र सोनी,विषकेश सोनी,विनीती सोनी,गीता सोनी तथा चार अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# अहंकारी मनुष्य को भक्ति प्राप्त नहीं होती : विनोदानंद सरस्वती




अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन में सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाते हुए राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धनुष अहंकार का प्रतीक है और अहंकार से अहंकार नहीं टूटता। इसीलिए अहंकारी राजा धनुष तोड़ नहीं पाए। वहीं राम, जो कि विनम्र है, उन्होंने बड़ी सरलता से धनुष तोड़ दिया। जब तक मनुष्य में अहंकार है, उसे भक्ति रूपी सीता की प्राप्ति नहीं हो सकती। श्री राम कथा व्यास पं० विनोद मालवीय ने राम नाम की महिमा का गायन करते हु? कहा कि कलियुग में राम नाम ही तारण हार है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी, समर बहादुर सिंह, बी एल एकेडमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, अनिल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, हरि शंकर मिश्रा, लक्ष्मीकांत तिवारी, अतुल सिंह, राजन शुक्ला, आनंद शर्मा, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा, नयन कुशवाहा, धीरू यादव आदि उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने बैंकर्स को लगायी फटकार लक्ष्य पूर्ति के दिये सख्त निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। आवंटित 1750 लक्ष्यों के सापेक्ष बैंको द्वारा 831 आवेदन पत्रों में ऋण स्वीकृत किये गये तथा 924 आवेदनों में ऋण वितरित किया गया है। समीक्षा के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक की प्रगति सन्तोषजनक नहीं पाई गई। बैठक में उपस्थित समन्वयक बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, समन्वयक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आश्वस्त किया गया कि उनके स्तर से सभी शाखा प्रबन्धको को प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित कर दिया गया है। औसत से अधिक समय तक बैंको में आवेदन पत्र लम्बित रखने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि बैकर्स अपना रवैया सकारात्मक बनाये, आवेदको का सहयोग करें किसी भी दशा में आवेदन निरस्त न करें यदि आवेदन पत्रों में कुछ कमियां हो तो उपायुक्त उद्योग से समन्वय बनाकर निस्तारण करायें, योजना की समीक्षा नियमित रूप से उच्च स्तर पर हो रही है। इस लिए सभी बैंकर्स लक्ष्यानुरूप प्रगति अनिवार्य रूप से पूर्ण करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु उनके उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा। बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक स्टेट बैंक, क्षेत्रीय प्रबन्धक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अग्रणी प्रबन्धक के साथ सभी प्रशिक्षणदायी संस्थाओं के अधिकारी, सभी बैंको के बैंक समन्वयक उपस्थित थे। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## एक लाख की सिगरेट टेंपो चालक ने की गायब, हिरासत में

### पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से की शिकायत

**पट्टी।** कस्बे के रायपुर रोड के व्यापारी का एक कार्टून सिगरेट प्राइवेट टेंपो चालक ने गायब कर दिया। सिगरेट की कीमत एक लाख रुपये बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके वाहन सहित टेंपो चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में व्यापारी विनोद उमर वैश ने कहा है कि रायपुर रोड पर महाशक्ति ट्रेडर्स के नाम से उनकी एजेंसी है। उन्होंने तीन गत्ता सिगरेट जिला मुख्यालय से सोमवार की शाम मंगवाया। टैंपो चालक इलाके के बीबीपुर निवासी अमित शर्मा पूरा सामान लेकर जिला मुख्यालय से चला। रात में वह उनकी दुकान पर नहीं आया। फोन स्विच आफ था। दिन में लगभग 2 बजे दो गत्ता सिगरेट लेकर उनकी दुकान पर पहुंचा। उसने बताया कि एक गत्ता सिगरेट चोरी हो गया। काफी देर तक उससे पूछताछ की गई। बाद में डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। टैंपो सहित उसे लेकर कोतवाली गई। व्यापारी ने सिगरेट चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर पीड़िता व उसके बच्चों की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पेड़रिया निवासी छिददन की पत्नी ननकई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्रह नवंबर को सुबह दस बजे गांव के आरोपी नोहरे पुत्र निमरते तथा रजलाल पुत्र किशुन गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता तथा उसके पुत्र संतोष व चुन्ने को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। चीखपुकार पर गांव के लोग दौड़े तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नोहरे समेत दो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## न्यूज झरोखा

### जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन अब 22 को

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी सुमित सिंह पाल ने बताया है कि दिनांक 20 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र सदर में माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मीरा भवन में किया जाना था जिसे अपरिहार्य कारणवश प्रतियोगिता की तिथि परिवर्तन करते हुये अब दिनांक 22 नवम्बर 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मीरा भवन में आयोजित करायी जायेगी।

### मजदूरी मांगने गये दलित युवक की पिटाई

**बेलखरनाथ धाम।** मजदूरी मांगने गये एक दलित युवक की व्यवसायी के बेटे ने जमकर पिटाई कर दी।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।दिलीपपुर थाना क्षेत्र के खूंझीकला निवासी रामसरन गौतम पडोसी गांव करनपुर खूझी में रमाशंकर जायसवाल के यहां मजदूरी कर रहा था। बीते रविवार को पीड़ित ने रामाशंकर के बेटे अमित जायसवाल से अपनी मजदूरी का पैसा मांगा जिस पर वह तैश में आकर के पीड़ित को जाति सूचक गाली देते हुए जमकर मारा पीटा। जिससे उसका बाया हाथ व दांत भी टूट गया। आसपास के लोग पहुंच कर उसकी जान बचाई। सोमवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर एसओ अंकुर कैथवास ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** केशवपुर अझारा में श्रीमदभागवत कथा को लेकर मंगलवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में देखा गया। भण्डारे का संयोजन रमाकांत मिश्र व विशालमूर्ति मिश्र ने किया। हरिशंकर मिश्र, चेतन मिश्र आदि ने प्रसाद वितरण के तहत श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे दिखे। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, हरिदत्त मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, राजेन्द्र द्विवेदी, संजय सिंह, विनय शुक्ला, डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय, देवानंद मिश्र, केशवराम ओझा, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

### किसान यूनियन के कार्यकर्ता की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** गोदाम से साइकिल पर खाद लेकर आ रहे किसान यूनियन के कार्यकर्ता की अचानक मौत हो गयी। उदयपुर थाना क्षेत्र के राहाटीकर निवासी विजय बहादुर सिंह किसान यूनियन के पदाधिकारी थे। सोमवार को दिन में ढ़ाई बजे वह बगल के पूरे हुला गांव गोदाम पर खाद लेने गये थे। वापस लौटते समय अचानक वह ननैया गांव के समीप सड़क पर गश खाकर गिर पड़े। विजय बहादुर की मौके पर ही मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने रंजिश हुई मारपीट की घटना में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज पूरे शिवचरन तिवारी निवासिनी स्व0 छंगू शर्मा की पत्नी कैराईन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह नंवबर को रात पौने नौ बजे वह घर पर खाना बना रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के माता प्रसाद पुत्र स्व0 रामकिशोर व राकेश शुक्ल पुत्र माता प्रसाद गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसके बेटे रवीन्द्र को लाठी डण्डा से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। उदयपुर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी माता प्रसाद समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** पीड़िता के घर में ताला तोड़कर जेवरात व नकदी की चोरी की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी उसके देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रामपुर भासो निवासी स्व0 शिवमूर्ति वर्मा की पत्नी सुशीला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपनी माता का इलाज कराने घर में ताला लगाकर प्रयागराज मायके चली गयी थी। बारह सितंबर को वह ससुराल वापस आयी तब कमरे का ताला टूटा देखा। पता करने पर मालूम हुआ कि उसके देवर राहुल वर्मा पुत्र रामलाल ने कमरे का ताला तोड़कर नया ताला लगा दिया है। पीड़िता ने खिड़की से कमरे के अंदर झांका तब देखा कि उसका बाक्स का भी ताला टूटा हुआ है। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि आरोपी ने उसके कमरे में अपना ताला जबरिया लगा दिया है। पीड़िता ने अपने कमरे के अंदर जेवरात व नकदी की भी चोरी की बात कही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ चोरी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# हेलो। क्राइम ब्रांच से बोल रहा हूं मोबाइल पर अश्लील फिल्म देखते हो

### पुलिस बनकर बदनाम करने का दिखा रहा था रौब, बोला जेल जाओगे या माफीनामा भरवाओगे

रवींद्र मिश्रा



**बेलखरनाथ धाम।** हेलो! क्राइम ब्रांच से बोल रहा हूं। मोबाइल पर अश्लील फिल्म देखते हो। आपके खिलाफ एफआईआर हुई है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाओ नहीं तो जेल जाओगे। अगर चाहते हो मामला अभी निपट जाए तो माफीनामा भरवाकर छोड़ दिया जाएगा नहीं तो जेल जाना पड़ेगा। पट्टी कोतवाली के उडैयाडीह बाजार व आसपास के इलाको में रहने वाले लोगों इस तरह की अन्जान कॉल आ रही है। जिससे उनका होश उड़ जा रहा है। अगर कोई इनके झांसे में आ गया तो उससे अच्छी खासी रकम ऐंठ ली जाती है। नाम न छापने की शर्त पर कई लोगों ने बताया कि उनके मोबाइल पर फोन आता है कि हेलो। मै क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर बोल रहा हूं, मोबाइल पर गंदी फिल्म देखते हो। जेल जाओगे या बदनामी से बचने के लिए माफीनामा भरवाओगे। इस तरह के फोन आने के बाद जब लोग उससे बहस करते हैं तो वह गाली गलौज भी करता है। लेकिन बाद में पता चलता है कि फोन करने वाला व्यक्ति फ्राड है जो पुलिस बनकर पैसा ऐंठने के लिए रौब गांठ रहा था और दुबारा फोन मिलाने पर कालर ट्यून पर साइबर क्राइम लिखकर आता है। इलाके में आएं दिन आ रहे इस तरह के फोन काल से लोग हैरान परेशान हैं। इस संबंध में पूरेधना चौंकी इंचार्ज कमलेश कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम मामलों को कंट्रोल करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। थोड़ी सी चूक से लोग उनका शिकार हो जाते हैं। इस तरह के फोन आने पर पुलिस को अवश्य बताएं।

# मृतक का शव सड़क पर रखकर लगाया जाम



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** मृतक युवक के शव को सड़क पर रखकर पट्टी पृथ्वीगंज मार्ग पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जानकारी पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह की हत्या का आरोप परिजनों ने लगाया है। सोमवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिसकी जानकारी होते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे परिजनों को समझा कर शव को सड़क से हटवाया। इस दौरान पट्टी पृथ्वीगंज मार्ग करीब 45 मिनट तक जाम रहा और आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क के बीचों-बीच शव रखकर जाम लगा दिए थे। मौके पर पहुंचे कोतवाल ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है तब जाकर परिजनों का गुस्सा कुछ शांत हुआ। एसडीएम के बुलाने की जिद पर परिजन अड़े थे इसकी जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी ने एसडीएम को दी तो एसडीएम भी मौके पर जा पहुंचे। मामले में मृतक की पत्नी दिव्या सिंह ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन दिया। जिसमें 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, दो शस्त्र लाइसेंस, सरकारी नौकरी व आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है। एसडीएम ने परिजनों को आश्वासन दिया आपकी जो भी मांगे हैं वह शासन को भेज दी जाएंगी और पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। परिजन एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा का इंतजार कर रहे थे। वह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात की। मृतक के मामा ने एसडीएम पट्टी से पत्नी व दो बेटियों के गुजारे के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर सुबह करीब 11 बजे रवाना हो गए।

# भरत मिलाप में नौ दलों के साथ निकलेंगी कलात्मक चौकियां



**पट्टी।** ऐतिहासिक दशहरे मेले में भरत मिलाप के अवसर पर देर रात तक विभिन्न दलों द्वारा कलात्मक और भव्य झांकियां निकाली जाती है। यह आयोजन मेले का प्रमुख आकर्षण होता है, जिसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है।

भरत मिलाप का आयोजन ऐतिहासिक दशहरे मेले के अंतिम दिन होता है, जो आमतौर पर नवंबर के महीने में पड़ता है। शाम होते ही विभिन्न दल अपने निर्धारित स्थानों से गाजे-बाजे के साथ झांकियां लेकर निकलते हैं। इन दलों में कुम्हिया से जय मां संतोषी दल, मेन रोड से श्री भरत दल, हनुमान मंदिर से श्री हनुमान दल, रजिस्ट्री आफिस से श्री राम दल, बाई पास से श्री शिव दल, शिव मंदिर ढकवा रोड से श्री शिव दल, भरत मिलाप स्थल से लवकुश दल, हवाईदार मोहल्ले से श्री बाल दल के साथ ही दशरथपुर बाजार से मां काली दल निकलेगा। बता दें सभी दलों के साथ निकलने वाली कलात्मक चौकियां (झांकियां) भगवान राम और उनके भाइयों के मिलन की कथा पर आधारित होती हैं और इन्हें बेहद आकर्षक और कलात्मक रूप से सजाया जाता है। जो हजारों दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। वहीं पट्टी नगर के मध्य स्थित भरत चैक को इस अवसर के लिए दुल्हन की तरह सजाया जाता है, जहां चारों भाइयों (राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न) का भावनात्मक मिलन होता है। इस भावुक दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो जाती हैं और माना जाता है कि इस क्षण भगवान राम स्वयं दर्शन देते हैं। पट्टी के ऐतिहासिक दशहरे मेले में यह परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है और स्थानीय लोगों के लिए इसका बहुत ही अधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। वहीं इस वर्ष कुल नौ दलों के साथ कलात्मक चैकियां निकलेंगी जो रात भर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण कर दर्शकों को आह्लादित करेंगी। सुबह भरत मिलाप स्थल पर राम भरत के मिलन कार्यक्रम के साथ समापन होगा। उक्त जानकारी श्री रामलीला समिति के सह प्रबंधक राम चरित्र वर्मा ने दी है।

## पुलिस की उदासीनता को लेकर समिति के लोगों ने की प्रेस वार्ता

**पट्टी।** तहसील मुख्यालय पर कस्बे में लगने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय दशहरे मेले में पुलिस की उदासीनता के चलते सोमवार की शाम मेला समिति के लोगों ने पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। मेला प्रारंभ होने के पूर्व ही कोतवाल अभिषेक सिरोही ने एक व्यापारी को पीट दिया था जिसको लेकर मेला समिति और पुलिस प्रशासन के मध्य तनातनी का माहौल रहा। इस दौरान समिति के महामंत्री अशोक श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि विगत 116 वर्षों में ऐसा कभी नहीं हुआ कि पट्टी के मेले में पुलिस के लोग अपना सहयोग प्रदान न करें। मेले के 116 गौरवशाली बरसों में पुलिस के लोग बढ़ चलकर अपना सहयोग प्रदान करते रहे क्योंकि पट्टी के इस मेले की स्थापना ही सन 1910 में तत्कालीन पट्टी थानाध्यक्ष सेवाराम सिंह ने अंग्रेजों के जमाने में की थी। पहली बार ऐसा हुआ कि जब राम बारात निकली तो सुरक्षा के लिए कोई व्यापक व्यवस्था व इंतजाम नहीं था। पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए समिति ने कहा कि उन्हें जब घटना की जानकारी दी गई तो वह मौके पर पहुंचे और आसपास के थानों से फोर्स बुलाकर राम बारात को संपन्न कराया। वहीं मंगलवार की रात 8 बजे से भारत मिलाप के लिए चैकियों का निकलना शुरू होगा। ममले में पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि पीएसी के साथ भरपूर सुरक्षा व्यवस्था मेले में उपलब्ध कराई जाएगी पर दो दिन का मेला बीत जाने के बाद भी सुरक्षा के इंतजाम नही हो सका हैं। जिसको लेकर मेला समिति के लोगों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान मेला समिति के अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, सह प्रबंधक रामचरित्र वर्मा, प्रमोद खंडेलवाल, सुरेश जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व मेला समिति के संरक्षक खेदन लाल जायसवाल, अब्बास राइन समेत तमाम मेला समिति के लोग मौजूद रहे।

## 20 को कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का होगा चयन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एंव इन-सीटू योजनान्तर्गत समस्त कृषि यन्त्रों जिसकी बुकिंग दिनांक 15.10.2025 से 29.10.2025 के मध्य जनपद के जिन कृषको द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग की गयी है, जिसमें लाभार्थियो का चयन दिनांक 20 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त संबधित कृषक बन्धुओ जिनके द्वारा कृषि यन्त्रो हेतु आनलाइन बुकिंग की गयी है उनसे अनुरोध किया है कि ई-लाटरी हेतु निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहकर ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियो के चयन में सहभागिता करें।

# अलग-अलग रूपों में जन्म लेते हैं भगवान : अंकित कृष्ण शास्त्री

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के रेडीगारापुर में इंद्रजीत पाण्डेय एवं रूपेश पाण्डेय के आवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में कथा व्यास अंकित कृष्ण शास्त्री ने कही। उन्होंने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के साथ भगवान के अनेक अवतारों के वर्णन व्यास पीठ से बताये।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य पुराने कपड़े का परित्याग करके नए कपड़े धारण करता है ठीक उसी प्रकार जीव भी पुराने शरीर को त्याग कर नए शरीर में धारण करता है। अनेकानेक युगों में भगवान दैत्यों का संघार करने के लिए अवतार लेते रहे हैं। राम अवतार लेकर रावण का संहार किए। वाराह अवतार लेकर पृथ्वी की पुर्नस्थापना किए ,कछप का अवतार समुद्र मंथन कर सृष्टि को अनमोल रत्नों से सुसज्जित कर दिए।वामन अवतार के साथ श्री कृष्ण अवतार का जन्म लेने की कथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा में प्रमुख रूप से चतुर्थ दिवस पर पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रतापगढ़ के प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य आसपुर देवसरा विजय यादव कांग्रेस के नेता विवेक पाण्डेय वरिष्ठ अधिवक्ता वंश बहादुर सिंह, शेषधर पाण्डेय, नंदलाल पाण्डेय, नर्मदा प्रसाद पाण्डेय, राम शंकर शुक्ला पूर्व प्रवक्ता, कृष्ण कुमार शुक्ला वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र पाण्डेय, राजू तिवारी आयोजक परिवार से लालमणि पाण्डेय, शेषमणि पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, पवन पाण्डेय, गौरव, प्रेम, व्यास, कार्तिक, सनी, अंश, दिव्यांश व्यास पीठ से आशीर्वाद लेकर कथा का रसपान किया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैंक में लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण करायें :सीडीओ

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना के सम्बन्ध में अधिकारियों व बैंकर्स के साथ बैठक की गयी। बैठक में सीडीओ ने सभी बैंक के अधिकारियों तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंक में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण कराया जाये। सर्वाधिक संख्या में लोन की पत्रावलियां बैंक ऑफ बड़ौदा तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में लंबित पाई गई जिस पर संबंधित ब्रांच मैनेजरो को आगामी तीन दिवस में इन समस्त पत्रावलियों पर उचित निर्णय लेते हुए इनका निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया कि यह योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से अपने घरों पर सोलर संयंत्र की स्थापना कर बिजली के बिल में भारी बचत की जा सकती है। इस योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के संयंत्र की स्थापना के लिए मात्र आधार कार्ड, बिजली के बल की प्रति, बैंक पासबुक की प्रति को नेडा रजिस्टर्ड वेंडर के पास जमा कर इस योजना के अंतर्गत 1,08,000 तक की सब्सिडी का लाभ उठाया जा सकता है। बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा दीपक वर्मा, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

## आज रामपुरखास आयेंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में दो बजे लालगंज चैक पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी सवा एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में वहां संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे ननौती व पूरे दुबान, उदयपुर, खानीपुर, रेहुआ लालगंज, पूरे गंगू मिश्र में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी सम्मिलित

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 19 व 20 नवम्बर निर्धारित है। महिला आयोग की सदस्य दिनांक 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। पूर्वान्ह 11.15 बजे माध्यमिक विद्यालय रखहा में आंगनबाड़ी निरीक्षण/गोद भराई एवं अन्न प्रासन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। पूर्वान्ह 11.45 बजे मां केवला पंडित चिंतामणि भवन गहरीचक आयेंगी जहां पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर वरिष्ठ कार्यकताओं से भेंट करेंगी। अपरान्ह 1 बजे बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई एवं जागरूकता चैपाल कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 3.15 बजे गांगपाटी बेलखरनाथ में दीपक कुमार के आवास पर औपचारिक भेंट करेंगी। अपरान्ह 3.45 बजे दिलीपपुर थाना में महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करेंगी। दिनांक 20 नवम्बर को महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे मेडिकल कालेज पूरेकेशवराय/ प्रशिक्षु छात्रों से संवाद करेंगी। पूर्वान्ह 11 बजे गुलशने मदीना पल्टन बाजार में मदरसे का निरीक्षण करेंगी। पूर्वान्ह 11.45 बजे श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 2 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। अपरान्ह 3 बजे औचक निरीक्षण किया जायेगा।

# भूत-प्रेत को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष




**पट्टी।** पुरानी पट्टी मोहल्ले के रहने वाले प्रमोद कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूत प्रेत के विवाद को लेकर मंगलवार को विपक्षी जोखू राम आदि लाठी डंडा सरिया व धारदार हथियार लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर जमकर मार-पीट की। मार-पीट में प्रमोद कुमार, प्रियंका और रेखा को भी चोट लगी है। गंभीर रूप से घायल प्रमोद का मेडिकल कराया गया। जबकि दूसरे पक्ष से जोखू राम ने भी लाठी डंडा सरिया आदि से मारने पीटने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि उनकी पुत्री सीमा व बेटे महेंद्र को गंभीर चोटे आई है। दोनों पक्षों ने मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र के आधार पर घायलों का मेडिकल कराते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सीएम के आदेश पर...

# भाजपा के पूर्व विधायक चायल वा भरवारी के दो पूर्व चेयरमैन सहित 7 पर मकान कब्जा कराने के मामले में कई धाराओं में मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

**● पुलिस मामले की जांच में जुटी, पूर्व विधायक और पूर्व अध्यक्ष ने कहा मामले से उनका नहीं है कोई लेना देना**



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में एक मकान पर जबरन कब्जा कराने और कूट रचित कागजातों के माध्यम से नगर पालिका में खसरा रजिस्टर में नाम चढ़ाने के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर कोखराज थाना में भरवारी के 2 पूर्व चेयरमैन और भाजपा के पूर्व विधायक चायल सहित 7 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।मुकदमे के अनुसार पीड़िता राजदुलारी पत्नी उमाशंकर ने आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद भाजपा के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता, पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी,उनकी पत्नी पूर्व चेयरमैन सुनीता केसरवानी ने अपने राजनीतिक और प्रशासनिक प्रभाव के चलते नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी पर दबाव बनाकर उनके मकान पर विपक्षियों का नाम दर्ज करा दिया और मकान का जबरन विपक्षियों को कब्जा करा दिया है। आरोप लगाया कि उच्च अधिकारियों से शिकायत के बावजूद नगर पालिका ईओ राम सिंह एवं नगर पालिका प्रशासन उन्हें आरटीआई का जवाब नहीं दे रहा है,जिसकी शिकायत शासन एव मुख्यमंत्री से की गई थी,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई,जिसके बाद पीड़िता ने उसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है।मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कोखराज थाना पुलिस ने देर रात भरवारी के पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी,उनकी पत्नी पूर्व चेयरमैन सुनीता केसरवानी,पूर्व चेयरमैन भरवारी एवं पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता दिलीप अजय विजय संजय पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।



## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक चालक व खलासी घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर से पहले प्रयागराज से कानपुर मार्ग पर एक लोहा लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ट्रक चालक और खलासी घायल हो गए। घटनाक्रम के मुताबिक बीती देर शाम धर्मवीर पुत्र हरिशंकर निवास रसूलपुर अरोरा कासगंज और अरविंद कुमार पुत्र महावीर बदायूं कलकत्ता से रेलवे का लोहा लोड कर झांसी जा रहे थे ज्योंहि कनवार बॉर्डर से पहले कुंजीपुर के सामने हाइवे पर पहुंचे ड्राइवर को झपकी आने से ट्रक सर्विस लाइन पार जाते हुए नाले में पलट गया जिससे ड्राइवर और खलासी ट्रक के नीचे दब गए दुर्घटना की आवाज से आसपास के होटलों और राहगीरों ने घायलों को किसी तरह ट्रक के नीचे फंसे ड्राइवरों को बाहर निकाला, सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल भेज दिया।

# दो दिन में चार लोगों की मौत से दुखी हुए ओसा वासी

अखंड भारत संदेश

**नगर पालिका परिषद की सभासद गमला देवी और उनके पति आर्यवीर ने मृतक परिवारों के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 संत कबीर नगर ओसा में दो दिन के बीच चार लोगों की मौत हो गई है जिससे गांव में दुख का माहौल व्याप्त है जानकारी मिलने के बाद मृतक परिवार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने नगर पालिका परिषद की सभासद गमला देवी और उनके पति आर्यवीर पहुंचे हैं जहां उन्होंने मृतक परिवार को सांतवना दी है जानकारी के मुताबिक ओसा गांव निवासी रामनारायण रविदास पुत्र राम सजीवन का निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार सैकड़ो लोगों के बीच किया गया है इसी तरह ओसा गांव के राम सुमेर विश्वकर्मा पुत्र राम सजीवन विश्वकर्मा का भी आकस्मिक निधन हो गया है निधन की जानकारी मिलते ही लोगों में शोक व्याप्त हो गया है और उनका भी अंतिम संस्कार कर दिया गया है ओसा गांव निवासी विकास सेन की पत्नी सुरजीत का भी अचानक निधन हो गया है अभी 6 महीने पहले विकास सेन की शादी हुई थी और शादी के कुछ दिन बाद ही अचानक उसका निधन हो जाने के बाद लोग अचंभित हो गए हैं बताया जाता है कि विकास की पत्नी सुरजीत को कुछ दिनों से बुखार आ रहा था और इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हुई है गांव के सोनू सरोज पुत्र मूले सरोज की भी बीमारी के चलते मौत हो गई है दो दिन के बीच गांव में एक महिला और तीन पुरुष की मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है नगर पालिका परिषद मंझनपुर की सभासद गमला देवी और उनके पति आर्यवीर ने मृतक परिवारों के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की है और उन्हें सांत्वाना दी है तथा हर संभव सरकार से आर्थिक मदद दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है।

# गलत इलाज के दौरान अधेड़ की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलकिया में नयंश नाम से मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है इस मेडिकल स्टोर के कथित डॉक्टर बड़े-बड़े मर्ज का इलाज करने का दावा कर रहा है मेडिकल स्टोर संचालक अस्पताल का संचालन कर रहा है मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को है लेकिन चंद्र रुपए की लालच में स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल स्टोर में चलने वाले अस्पताल को नहीं बंद कराया है जहां इलाज में मौत हो गई है इस अस्पताल के पास ना रजिस्ट्रेशन है ना योग्य चिकित्सक हैं ना अस्पताल के पास जांच की सुविधाएं हैं लेकिन फिर भी मर्ज ठीक करने का ठेका लेकर मरीज को लूटा जा रहा है मेडिकल स्टोर संचालक के झांसे में आकर पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मछौली गांव का सुरेश मामूली मर्ज पर इलाज कराने कथित डॉक्टर के पास पहुंच गया जहां इलाज के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने उससे मोटी रकम भी ले ली है लेकिन उसकी जान नहीं बचा सके बल्कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है और परिवार के लोगों ने कथित चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है इलाज में मौत के बाद फिर मेडिकल स्टोर के झोलाछाप डॉक्टर की करतूत उजागर हुई है आरोप है कि मेडिकल स्टोर के कथित डॉक्टर ने मर्ज सही करने की जिम्मेदारी ली थी दो दिन पहले चक्कर आने से सुरेश जमीन पर गिर गया था जांच में इंफेक्शन और डेंगू की बात कथित डॉक्टरों ने परिजनों को बताई थी इलाज में अधेड़ की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया है और गलत तरीके से अस्पतालों के संचालन के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

# अस्थायी गौ-आश्रय स्थल हटवा अब्बासपुर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सचिव, ग्राम पंचायत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज अस्थायी गौ-आश्रय स्थल,हटवा अब्बासपुर का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजीत से गौ-आश्रय स्थल में गोवंशो की संख्या,ईयर टैगिंग की स्थिति केयर टेकर एवं भूसा-चारा आदि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गौशाला में भूसा एवं हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखी जाय तथा बीमार एवं कमजोर गोवंशों की विशेष देखभाल की जाय। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दृष्टिगत गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए गौशाला में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया जाय तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखी जाए जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर एवं निरीक्षण रजिस्टर के अवलोकन के दौरान सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन न करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि गो-आश्रय स्थल के प्रबन्धन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सरसवां प्रदीप कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन दिनांक 22 नवम्बर से 29 नवम्बर तक

**कौशांबी।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद की तीनों विधान सभाओं में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन दिनांक 22 नवम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक 08 खेल विधाओं यथा-एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिण्टन में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयुवर्ग में महिला/बालिका एवं पुरूष/बालक श्रेणी का आयोजन किया जाएगा।विधानसभा सिराथू के ग्रामीण स्टेडियम गिरिसा भरवारी में दिनांक 22 एवं 23 नवम्बर 2025 को विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा चायल के ग्रामीण मिनी स्टेडियम तिलगोड़ी,नेवादा में दिनांक 25 एवं 26 नवम्बर तथा विधानसभा मंझनपुर के ग्रामीण मिनी स्टेडियम पश्चिम शरीरा सरसवां में 28 एवं 29 नवम्बर 2025 को विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर दिये गये विकल्पों के अनुसार कराया जायेगा। आयोजन की तिथि से एक दिन पूर्व तक पंजीकृत अभ्यार्थियों को आयोजन में सम्मलित किया जायेंगा। खिलाड़ी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए नोडल अधिकारी सिराथू एवं मंझनपुर के नोडल अधिकारी अंशु मिश्रा एवं चायल के नोडल अधिकारी अभिषेक से संपर्क कर सकतें हैं।

## समदा सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी केस दर्ज

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खोजवापुर उर्फ मिजार्पुर गांव निवासी अजय सिंह पुत्र बृजलाल सिंह रविवार को समदा बाजार में सब्जी लेने के लिए जब बाजार के अन्दर गए मोबाइल को शर्ट की ऊपर की जेब में रख लिया, जब सब्जी लेने के बाद देखा तो मोबाइल गायब था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मैंने 6-10-2021 को आमेजन से यह मोबाइल खरीदा था।मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## रोजगार मेले में कुल 84 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कौशांबी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रा.आई.टी.आई. सिराथू एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आज रा.आई.टी.आई. सिराथू में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों यथा-कृष्णा मारूति ने 12, एडको इण्डिया ने 04, एम.आर.एफ. टायर्स ने 20, एस.आई.एस. सिक्योरिटी ने 01, श्री राम पिस्टन ने 10, टाटा मोटर्स ने 29, फियाम इण्डस्ट्रीज ने 8 चयन किये। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में कुल 07 कंपनियों ने प्रतिभाग करते हुए कुल 84 अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेले में कुल 116 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रभारी सेवायोजन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह एवं प्रवीण यादव द्वारा की गई। प्रधानाचार्य रा.आई.टी.आई, यजुवेन्द्र नाथ ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। इस अवसर पर आई.टी.आई. के प्लेसमेंट प्रभारी विजय सिंह एवं विनय सिंह तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के व0 सहायक विनोद कुमार सिंह कौशल विकास मिशन से शिवनरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# परेड की सलामी के बाद पुलिस लाइन स्थित कार्यालय का एएसपी ने किया निरीक्षण



**कौशांबी।** परेड की सलामी लेने के बाद मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया है और निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय प्रभारी को दिशा निर्देश जारी किया है अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में 18 नवम्बर को मंगलवार की परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर उन्होंने टोलीवार परेड का निरीक्षण कर परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़ पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरांत एएसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस,आरटीसी बैरकों, प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न शाखाओं डीसीआर, शस्त्रागार डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, पुलिस बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित कार्यालय के जिम्मेदारों को साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## न्यूज झरोखा

### थाने से न्याय ना मिलने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच रहे फरियादी



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय कौशांबी में प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर उसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है थाना कार्यालय और क्षेत्राधिकारी कार्यालय से न्याय न मिलने पर प्रतिदिन तमाम फरियादी पुलिस अधीक्षक के सामने पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाते हैं इसी क्रम में मंगलवार को भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तमाम फरियादी पहुंचे और उन्होंने थाना पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर फरियाद करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है फरियादियों की शिकायती प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने संबंधित थाना प्रभारी को मामले की जांच कर गुणवत्ता पूर्वक तत्काल समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है थानेदारों की लचर व्यवस्था के चलते फरियादियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचना पड़ रहा है पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई क्या दौरान दर्जनों फरियादियों ने अपनी व्यथा सुनाई है इस दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को उनके द्वारा सुना गया एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### कौशाम्बी में मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न थानों द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार वा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्षों के निर्देशन में महिला सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं साइबर सुरक्षा को लेकर बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। थाना संदीपनघाट-उपनिरीक्षक उमाकांत पांडेय, उ0नि0 चंद्रभान यादव, म0उ0 सुनीता गोयल, म0का0 गीतांजलि एवं म0का0 प्रियंका सिंह द्वारा महगांव के स्कूलों में जाकर छात्राओं को नारी सशक्तिकरण व साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई व हेल्पलाइन नंबर बताए गए। थाना पिपरी-महिला का0 ज्योति सिंह, का0 आशुतोष एवं एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा ग्राम सेवथा एवं कम्पोज़िट विद्यालय गढ़वा में जाकर गुड टच-बैड टच, तीन नए कानून, साइबर अपराध एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना चरवा-महिला उप निरीक्षक पूनम कबीर, का0 चंचल एवं का0 विनय (एंटीरोमियो स्क्वाड) द्वारा ग्राम उदाथु एवं कम्पोजिट विद्यालय गढ़वा में छात्राओं को नए कानूनों एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।थाना कोखराज-म0उ0नि0 विंध्यवासिनी एवं म0हे0का0 अनीता द्वारा थाना परिसर में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को नए कानूनों, साइबर अपराध एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।थाना सराय अकिल-म0उ0नि0 यशवन्ती कुमारी, म0का0 सुधा विश्वकर्मा एवं म0आ0 शिप्रा सिंह राजपूत द्वारा कस्बा सराय अकिल, रामलीला मैदान एवं थाना परिसर में मिशन शक्ति व साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना महेवाघाट-का0 प्रदीप एवं म0का0 साक्षी शुक्ला (मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो स्क्वाड) द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर गुड टच-बैड टच, विधिक सहायता एवं साइबर सुरक्षा विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। थाना पश्चिम शरीरा-म0उ0नि0 ऋतु वर्मा, म0आ0 विजय भारती एवं बंदना यादव द्वारा विद्यालयों एवं क्षेत्र में जाकर महिला हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। थाना कड़ाधाम म0उ0नि0 निधि वर्मा, म0का0 नीलम एवं का0 शिवकुमार द्वारा देवीगंज उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। थाना मो0पुर पइंसा-का. मनीष पाण्डेय एवं म.आ. चंदा यादव द्वारा ग्राम रामसहायपुर में जाकर साइबर अपराध एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना कौशाम्बी-उ.नि. अवधेश शुक्ला, म.का. स्वाती यादव एवं म.का. पूनम गौतम (एंटीरोमियो स्क्वाड) द्वारा ग्राम आमाकुआं में जाकर नए कानून, साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति केंद्र की विस्तृत जानकारी दी गई एवं पंपलेट चस्पा किए गए। थाना करारी-म.उ.नि. कंचन देवी व म.आ. ज्योति कुमारी द्वारा चक हिंगुई तिराहे में भ्रमणशील होकर बालक व बालिकाओ एवं महिलाओं को नए कानून, साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति केंद्र की विस्तृत जानकारी दी गई एवं पंपलेट चस्पा किए गए।

# वित्तीय अनियमितता के दोषी प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई से पीछे हट रहे डीपीआरओ

अखंड भारत संदेश

**● डीएम के ट्रांसफर होते ही बेलगाम डीपीआरओ अपना रहे हैं कानून में दोहरा मापदंड**

**● जांच में दोषी पाए जाने पर सचिव को किया जा चुका है निलंबित पहले भी हो चुके निलंबित गलत तरीके से हुए थे बहाल**

**कौशांबी।** डीएम के आदेश का उलंघन करने और वित्तीय अनियमितता के दोषी पाए गए प्रधान और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई में सचिव को निलंबित कर दिया है। लेकिन प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई से डीपीआरओ पीछे हट रहे हैं। कानून व्यवस्था का पंचायती राज विभाग में मनमानी तरीके से संचालन हो रहा है और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है जिला पंचायत राज अधिकारी के कारनामे के चलते सरकारी खजाना सुरक्षित नहीं है बताया है कि ऐसे मामलों में प्रधान के कोर्ट जाने पर हर पेशी में जेब से हजारों खर्च होते हैं। सरकारी खजाने से नहीं मिलता है। इसलिए प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा सकती है। सरसंवा ब्लाक क्षेत्र के रायपुर ग्राम पंचायत में उच्चाधिकारियों के आदेशों का अनुपालन नहीं करने और वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर पूर्व डीएम मधुसूदन हुल्गी ने प्रधान और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दिया था। जिस पर सचिव मनोज कुमार सोनी ग्राम विकास अधिकारी को डीडीओ शैलेन व्यास ने 25 अक्टूबर को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही डीएम ने प्रधान को पद से हटाने की कार्यवाही करते हुए 28 अक्टूबर को पंचायती राज अधिनियम की धारा 95 जी के अंतर्गत कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया है।इसी दौरान पूर्व डीएम मधुसूदन हुल्गी का स्थानांतरण हो चुका है। जिसके बाद से मामले में लीपापोती कर प्रधान को बचाने की तरकीबें ढूंढ़ी जा रही हैं। डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह का कहना है कि, सचिव सरकारी कर्मचारी है इसलिए उसके विरुद्ध कार्रवाई करना आसान है, लेकिन प्रधान के विरुद्ध करवाई आसान नहीं है। कार्रवाई के बाद प्रधान कोर्ट चला गया तो हर पेशी अपनी जेब से दस हजार खर्च करने पड़ते हैं। सरकारी खजाने से नहीं मिलते हैं। इसलिए प्रधान को निलंबित करना आसान नहीं है।तत्कालीन डीएम मधुसूदन हुल्गी ने रायपुर प्रधान अनूप कुमार को दिनांक 25 मई 2025 को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दूसरी नोटिस 28 अक्टूबर 2025 को जारी किया है। इसी बीच डीएम मधुसूदन हुल्गी का ट्रांसफर हो जाने के बाद डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह प्रधान से सांठगांठ कर मामले में लीपा पोती में जुटा है। मनोज सोनी इसके पहले भी निलंबित हो चुका है और गलत तरीके से उसकी बहाली हो चुकी है जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में इस तरह का यह पहला मामला नहीं है इस मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय हमेशा सुर्खियों में रहता है और बड़े अफसर को गुमराह करके धन वसूली में माहिर बताया जाता है।

## किसान के बैंक खातों में 19 नवम्बर को सीधा भेजा जायेगा किसान सम्मान निधि की 21 वीं किश्त

**कौशांबी।** उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी ने जनपद के किसानों को सूचित किया हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21 वीं किश्त प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा दिनांक-19.11.2025 को तमिलनाडु के कोयम्बटूर से पी.एम. किसान के सभी पात्र किसान के बैंक खातों में सीधा भेजा जायेगा।प्रधानमंत्री जी देश के किसानों व नागरिकों को सम्बोधित करेंगे,जिसका सजीव प्रसारण अपरान्ह 02 बजे से किया जायेगा। सजीव प्रसारण कार्यक्रम जनपद के कृषि विज्ञान केन्द्र,महगाँव व समस्त राजकीय कृषि बीज गोदाम के परिसर पर आयोजित किये जायेंगे। किसान अपने-अपने नजदीकी विकासखण्डों के राजकीय कृषि बीज गोदाम पर अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए का?क्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। पी.एम. किसान की वेवसाइट पर जाकर लाइव प्रसारण देख सकते हैं।

## वारण्टी अभियुक्त को करारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 248/20 धारा 325/504 भादवि थाना करारी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र छोटेलाल निवासी पिण्डरा सहावर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया ।विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## चरवा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 88/01 धारा 380/511 भादवि थाना चरवा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राधेश्याम पटेल पुत्र स्वर्गीय छेदीलाल पटेल निवासी ग्राम कमालपुर माजरा सुधवर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया ।विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## सम्पादकीय

# विपक्ष को जीतने से रोकने की कोशिश

**बिहार** में मतदान के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने जब बाहर मीडिया के सामने अपने परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई तो पहले अपने दाएं हाथ की तर्जनी उन्होंने दिखाई, फिर अपने पिता और जेडीयू के मंत्री अशोक चौधरी के टोकने पर बाएं हाथ की तर्जनी दिखाई, और इन तस्वीरों और वीडियो में शांभवी चौधरी के दोनों हाथों की तर्जनी उंगलियों पर स्याही के निशान साफ दिख रहे हैं। यह वीडियो वायरल हुआ तो कांग्रेस और राजद जैसे विपक्षी दलों ने उन पर दो बार वोट डालने का गंभीर आरोप लगाया। लेकिन पटना जिला प्रशासन का कहना है कि यह जानबूझकर नहीं किया गया था, बल्कि मतदान अधिकारियों की मानवीय भूल के कारण हुआ। शांभवी चौधरी के अनुसार, मतदान के बाद एक चुनावकर्मी ने गलती से उनके दाहिने हाथ पर स्याही लगा दी। जब पीठासीन अधिकारी ने यह देखा, तो उन्होंने गलती को सुधारते हुए नियमों के अनुसार उनके बाएं हाथ की उंगली पर भी स्याही लगाई।

मोदी शासन के दौर में शांभवी चौधरी वंशवादी राजनीति का एक और उदाहरण हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी दोनों उंगलियों पर वोट देने की स्याही लगवाई वह उनकी राजनैतिक अपरिपच्ता को दिखाता है। क्योंकि सांसद होने के नाते उन्हें तो पता ही होना चाहिए था कि स्याही लगवाने के लिए कौन सा हाथ आगे करना है। वहीं मतदान अधिकारी से भी यह लापरवाही अपेक्षित नहीं थी। हो सकता है वाकई शांभवी चौधरी ने एक बार वोट डाला हो, लेकिन ये भी हो सकता है कि जिसे मानवीय भूल बताया जा रहा है, वह असल में दो बार वोट डालने की निशानी है।

बहरहाल, इस प्रकरण को अब यही खत्म कर दिया गया है। लेकिन कल्पना कीजिए कि ऐसी ही कोई भूल राहुल गांधी से हुई होती तो मीडिया में अब तक उनकी कितनी ट्रोलिंग हो चुकी होती। खुद नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और भाजपा के तमाम नेता उनकी लानत-मलामत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस समय बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार को लेकर भी राहुल गांधी पर सारा ठीकरा फोड़ा जा रहा है। यह सही है कि राहुल गांधी ने बिहार का बार-बार दौरा किया, वहां वोटर अधिकार यात्रा निकाली, संविधान सम्मान सम्मेलन किए, अलग-अलग तबकों से चर्चाएं कीं, लेकिन बिहार का चुनाव न अकेले कांग्रेस लड़ रही थी, न राहुल गांधी चुनावों का चेहरा था। वो तो मीडिया को मोदी के मुकाबले विपक्ष से एक चेहरा खड़ा करना होता है तो राहुल गांधी ही उसके लिए नजर आते हैं। बाकी अब तो मीडिया को भी सोचना चाहिए कि जिस तरीके से बिहार में एकतरफा चुनाव हुए हैं, उसके बाद मोदी बनाम कोई नहीं का नैरेटिव ही वह चलाए तो बेहतर है। आखिर देश में अभी यही तो हो रहा है।

जबकि नजर ये आ रहा है कि बिहार के चुनाव ने संविधान में दी चुनावी प्रणाली की धज्जियाँ उड़ा दी हैं। कई प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों ने एक से ज्यादा वोट डाले हैं। एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत पर चुनाव नहीं हुआ तो फिर भाजपा की जीत पहले ही तय थी।

# कॉरिडोर में कृष्ण: 'कुंज गलियों' का पर्यटन

**निशिता बनर्जी,**

**कृषाणु** और पवित्रा सी ऐसे विवादित और साझा दावों वाली जमीन पर होने वाला यह अवसंरचनात्मक विकास तभी संभव हो पाता है जब शहरी विकास से जुड़ी संस्थाओं और योजनाओं के उद्देश्यों को नए सिरे से परिभाषित किया जाए। यह विकास किसे चाहिए, इससे कौन विस्थापित होगा? और इसका लाभ किसे मिलेगा? जैसे बुनियादी सवाल पूछे ही नहीं जाते। 15 मई 2025 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तरप्रदेश सरकार को मथुरा के बांके बिहारी मंदिर के आसपास 5 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने की अनुमति दी थी, ताकि 'कॉरिडोर विकास परियोजना' को आगे बढ़ाया जा सके। इस 'अवसंरचनात्मक परियोजना' को न्यायोचित ठहराने के लिए 2022 की भगदड़ में हुई मौतों का हवाला दिया गया, जिसका कारण 'अपर्याप्त बुनियादी ढांचा' बताया गया था। तीर्थयात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, आजकल कॉरिडोर के रूप में धार्मिक स्थलों पर विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जो आधुनिकीकरण और आध्यात्मिकता का मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। यह अक्सर स्थापित मानकों, नियमों और आवश्यकताओं को दरकिनार कर केवल हिंदू देवता के साथ एक प्रभुत्वशाली संपर्क रचने की मंशा से किया जाता है। सवाल है कि किस तरह 'पवित्र धार्मिकता' राज्य की शहरी-धार्मिक दृष्टि को वैध ठहराने के लिए इस्तेमाल की जाती है?

'बांके बिहारी कॉरिडोर' (बीबीसी) परियोजना, जिसे 2017 में योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल के दौरान 'ब्रज विकास तीर्थ परिषद' (यूपीबीडीटीपी) द्वारा प्रस्तावित किया गया था, राज्य की पवित्र भौगोलिक कल्पनाओं में आ रहे बदलाव का प्रतीक है। यह परियोजना 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' की तर्ज पर तैयार की गई है और इसे मोदी सरकार की 'तीर्थ स्थलों का पुनरोद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन योजना' (पीआरएएसएचएडी) में शामिल किया गया है।



यह 'कृष्ण सर्किट' का हिस्सा है, जो मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना को जोड़ता है। इस परियोजना के तहत नई सरकारी संस्थाओं, योजनाओं और कार्यक्रमों का गठन तथा केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर की कई मौजूदा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी होना है। यह दिखाती है कि शहरी नियोजन और विकास की संस्थागत संरचनाओं को अब एक नई शैली की राज्य-प्रायोजित 'धार्मिक पर्यटन' नीति के तहत पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। कॉरिडोर परियोजना द्वारा किए गए वादे बेहद व्यापक हैं। इस योजना में वृंदावन की ऐतिहासिक 'कुंज गलियों' (जो बांके बिहारी मंदिर के आसपास स्थित हैं और जिन्हें लेकर मान्यता है कि कृष्ण कभी इनमें विचरण करते थे) को चौड़ा करने का प्रस्ताव है। योजना के अनुसार नए संपर्क मार्गों, व्यावसायिक कॉरिडोरों और पार्किंग हब के माध्यम से यमुना तट को मंदिर से जोड़ा जाएगा। कुल रुपए 600 करोड़ रुपयों की लागत से बनने वाली यह परियोजना 'बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट' की जमा राशि से वित्त पोषित की जाएगी। इसके चलते 300 से अधिक इमारतों को हटाया जाएगा, जिससे वर्षों से बसे स्थानीय निवासियों और दुकानदारों पर सीधा असर पड़ेगा। परियोजना में स्थानीय पारिस्थितिकी को संरक्षित करने के लिए कदम और पारिजात जैसे देशी वृक्षों को शामिल किए जाने की बात कही गई है। हालांकि यह नजरअंदाज करना कठिन है कि प्रस्तावित योजना यमुना के बाढ़ क्षेत्र और तट पर निर्माण को सक्षम बनाती है। इसमें राजमार्गों और अपार्टमेंट परिसरों का एक विशाल नेटवर्क भी शामिल है, जैसे- 'राया हेरिटेज सिटी,' जिसे 'यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी' द्वारा उपजाऊ कृषि भूमि पर विकसित किया जा रहा है। यह एक पूर्ण स्थानिक पुनर्रचना की ओर इशारा करता है, जो 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत संचालित हो रही है। यहां सरकार नागरिकों की बुनियादी जरूरतों और दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के मुकाबले पुनर्विकास की रणनीतियों, बड़े अवसंरचनात्मक विस्तार और डिजिटल गवर्नेंस को प्राथमिकता देती है। इसके साथ ही जमीन की कीमतों में तेजी से वृद्धि होती है और बड़े शहरों व प्रवासी भारतीयों में देवता के पास दूसरा घर खरीदने की मांग बढ़ती है। इससे शहर में भूमि स्वामित्व का सामाजिक-आर्थिक ढांचा भी बदलता है।

बांके बिहारी मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से पहले कई समूहों और समुदायों की ओर से विरोध सामने आया था। स्थानीय निवासी, सेवायत (पुरोहित), दुकानदार और मथुरा की 'गोस्वामी समुदाय' की महिलाएं योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखकर वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर प्रस्तावित कॉरिडोर का विरोध कर चुकी हैं। यह विरोध मुख्य रूप से मथुरा और वृंदावन की सांस्कृतिक संरचना में किए जा रहे बदलावों के खिलाफ था, जिन्हें श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ के अनुसार ढालने की योजना है। विशेष रूप से 'गोस्वामी समुदाय' का विरोध काफी तीव्र है, क्योंकि प्रस्तावित योजना के अनुसार मंदिर का स्वामित्व और प्रबंधन उनकी वंशानुगत परंपरा से लेकर ऐसे मंदिर ट्रस्ट को सौंपा जाना है, जो सनातन धर्म से जुड़े पदेन सरकारी अधिकारियों द्वारा संचालित होगा। वर्ष 2022 में किए गए अध्ययन के दौरान हमने कई दुकानदारों से बात की, जिन्होंने 'बांके बिहारी कॉरिडोर परियोजना' से संभावित विस्थापन को लेकर अपनी चिंता जताई। उनका डर उस समय और गहरा गया जब उन्होंने देश के अन्य हिस्सों में हुए इसी तरह के कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया, जैसे- 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' जहां 300 से अधिक मकानों को तोड़ा गया था। उनकी मुख्य चिंता दस्तावेजों की अनिश्चितता को लेकर थी। कई दुकानदारों ने आजीविका पर मंडराते खतरे की ओर इशारा करते हुए कहा, 'जिनके पास कागजात होंगे, उनको मुआवजा मिलेगा।' दरअसल अक्सर दुकान के मालिक और दुकान चलाने वाले अलग-अलग लोग होते हैं। एक अन्य दुकानदार ने कहा, 'यहां लोगों की पुश्तैनी जमीनें हैं, कहां से लाएंगे कागजात?' यह मथुरा और वृंदावन जैसे ऐतिहासिक शहरों में दस्तावेजों की कमी और जमीनी हकीकत को उजागर करता है। प्रदर्शनकारियों और न्यायालय के निर्णय के बीच का टकराव राज्य की एक महत्वपूर्ण मंशा को उजागर करता है। यह बाध्य करता है कि धार्मिक अवसंरचना का निर्माण और एक ऐसी नगरीय कल्पना संभव हो सके जो सवर्ण हिंदू आधुनिकता और सौंदर्यशास्त्र से संचालित होती है। परियोजना के दस्तावेज में जिस 'निर्बाध अनुभव' की बात की गई है, वही वह तरीका है जिससे श्रद्धालुओं को 'बांके बिहारी कॉरिडोर' का अनुभव कराया जाना है। जहां वर्तमान में मौजूद संकरी गलियों, घरों, दुकानों और पारंपरिक व असंगठित आजीविका, जैसे- रेहड़ी-पटरी वाले, दुकानदार, व्यापारी, कारीगर, विधवाएं और भिक्षुकों की दुनिया को हटाकर एक 'निर्बाध सौंदर्य अनुभव' में बदला जाना है। इसका अर्थ है चौड़ी गलियों, एक्सप्रेसवे, मोटर वाहनों के लिए बने विस्तृत रास्तों, नए पार्किंग स्थलों, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और बाढ़ क्षेत्र पर बने नदी तटों का निर्माण। ये सभी तत्व मिलकर एक नई राजनीतिक दिशा को जन्म देते हैं जहां वृंदावन को केवल एक भावनात्मक, जीवंत भू-दृश्य के रूप में नहीं, बल्कि एक साफ-सुथरी, उपभोग योग्य जगह के रूप में रूपांतरित किया जा रहा है।

ऐसे विवादित और साझा दावों वाली जमीन पर होने वाला यह अवसंरचनात्मक विकास तभी संभव हो पाता है जब शहरी विकास से जुड़ी संस्थाओं और योजनाओं के उद्देश्यों को नए सिरे से परिभाषित किया जाए। यह विकास किसे चाहिए, इससे कौन विस्थापित होगा? और इसका लाभ किसे मिलेगा? जैसे बुनियादी सवाल पूछे ही नहीं जाते। इस पूरी प्रक्रिया में अंतिम प्रहार उस दिशा में होता है जहां एक धार्मिक, औद्योगिक तंत्र खड़ा करने की कोशिश की जाती है, जिसके तहत इन स्थलों के इतिहास और स्मृतियों को मिटाया और नए सिरे से लिखा जाता है। (निशिता नोएडा स्थित एक क्षेत्रीय ओटीटी प्लेटफॉर्म में शोधकर्ता हैं। कृषाणु दिल्ली के 'पीपुल्स रिसोर्स सेंटर' में शहरी शासन और गतिशीलता के मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियों

-ललित गर्ग-

**बिहार** का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे।

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भी बड़ी है। वैसे



लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरूआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं।

बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी ह्यजंगलराजह्ण को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा।

बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है- लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल ह्यसौदेबाजीह्ण बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों।

बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा।

# जमीनी स्तर से कटे हुए हैं विशेषाधिकार प्राप्त लोग

जगदीश रत्तनानी

**सर्वेक्षण** में भाग लेना स्वैच्छिक है इसलिए मूर्ति परिवार को निश्चित रूप से अपनी जाति या आर्थिक स्थिति के बारे में किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं करने का अधिकार है लेकिन आईटी सेवाओं के क्षेत्र में शुरूआती प्रगति से लाभ उठाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के रूप में वे निश्चित रूप से बेहतर नीति डिजाइन करने और निष्पक्ष तरीके से सेवाओं को वितरित करने के लिए, विशेष रूप से पिछड़ों के रूप में वगीर्कृत श्रेणियों के लिए समय पर एवं अद्यतन डेटा के महत्व को जानते होंगे।

कर्नाटक में राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा किए जा रहे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण ने रूढ़िवादी आख्यानों के एक सेट को सामने लाया है जो सकारात्मक कार्रवाई में बाधा डालने या उसे कम करने की कोशिश करते हैं। वे विशेषाधिकार के निर्धारित शब्दकोश के साथ आते हैं। जैसे, योग्यता या दक्षता को सकारात्मक विशेषताओं के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो आलसियों के खिलाफ लड़ाई में मुफ्त उपहारों की तलाश में बंद होते हैं और जिन्हें सार्वजनिक धन की बबार्दी कहा जाता है। जाति पदानुक्रम अभी भी भारत में बहुत कुछ तय करता है और इसकी पृष्ठभूमि में एक विवाद पैदा किया जाता है तथा सार्वजनिक नीति में सहायता कर सकने वाले डेटा संग्रह को बदनाम करने के लिए संदेह उठाया जाता है। कर्नाटक के जाति संबंधी सर्वेक्षण पर शोर मचाये जाने का यह फ्रेम है। इन्फोसिस के सह-संस्थापक सुधा मूर्ति और उनके पति नारायण मूर्ति ने सर्वे करने के लिए आए लोगों को यह कहकर मना कर दिया कि वे पिछड़े नहीं हैं। यह इनकार अहंकार और विशेषाधिकार की गहरी प्रवृति का संकेत देने के अलावा विशिष्ट विज्ञान और इंजीनियरिंग धाराओं के हमारे नकारात्मक पहलुओं की ओर इशारा करता है जो सीमित डोमेन विशेषज्ञता का निर्माण करते हैं लेकिन भारत के जमीनी स्तर से कटे रहते हैं तथा वास्तव में सामाजिक तथा आर्थिक



असमानताओं को व्यापक बनाने में योगदान दे सकते हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सर्वेक्षण में भाग लेने से मूर्ति परिवार के इनकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा- 'यह समझने की जरूरत है कि यह सर्वेक्षण केवल पिछड़े समुदायों के लिए नहीं है.., सिर्फ इसलिए कि वे इन्फोसिस से हैं इसका मतलब यह नहीं है कि वे सर्वज्ञ हैं।' इस टिप्पणी को श्रेष्ठता के विभिन्न रूपों तक बढ़ाया जा सकता है जो नियमित रूप से कुछ चुनिंदा संस्थानों, ज्ञान धाराओं या व्यवसायों को देते हैं। उदाहरण के लिए हम इसी तरह से तर्क दे सकते हैं कि आप विशिष्ट आईआईटी या आईआईएम से पास हुए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह व्यक्ति सर्वज्ञ है या आप एक बड़ी कंपनी चलाते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सर्वज्ञानी हैं। यह सर्वमान्य है कि मूल्य रहित वैज्ञानिक या तकनीकी ज्ञान भलाई करने के बजाय नुकसान अधिक करता है क्योंकि यह निष्पक्षता, सामाजिक न्याय या वास्तव में नैतिकता के मुद्दों से जुड़ा हुआ नहीं हैं। यह याद रखना होगा कि अमेरिका में 2001 में धोखाधड़ी के कारण दिवालिया हुई कंपनी एनरॉन ने सैकड़ों एमबीए के अलावा दर्जनों कुलीन इंजीनियरों और पीएचडी को नियुक्त किया था। इन 'स्मार्टेस्ट मैन इन द रूम' ने कंपनी के पतन को तेज कर दिया था।

सर्वेक्षण में भाग लेना स्वैच्छिक है इसलिए मूर्ति परिवार को निश्चित रूप से अपनी जाति या आर्थिक स्थिति के बारे में किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं करने का अधिकार है लेकिन आईटी सेवाओं के क्षेत्र में शुरूआती प्रगति से लाभ उठाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के रूप में वे निश्चित रूप से बेहतर नीति डिजाइन करने और निष्पक्ष तरीके से सेवाओं को वितरित करने के लिए, विशेष रूप से पिछड़ों के रूप में वगीर्कृत श्रेणियों के लिए समय पर एवं अद्यतन डेटा के महत्व को जानते होंगे। मूर्ति दंपति के इनकार का लहजा दूसरों के बारे में तिरस्कार और श्रेष्ठता की भावना का संकेत देता है कि वे कौन हैं और वे जाति, वर्ग और कई अन्य पदानुक्रमों में कहां खड़े हैं। सुधा मूर्ति ने कथित तौर पर सर्वे फॉर्म पर अपना नाम लिखाने से इनकार करते हुए कहा था कि, 'हम किसी भी पिछड़े समुदाय से संबंधित नहीं हैं इसलिए हम (पिछड़े समुदाय जैसे) समूहों के लिए सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण में भाग नहीं लेंगे'। 'ऐसे समूह' जैसा शब्द 'उन्हें' बनाम 'हम' के क्लासिकल विभाजन की ओर इशारा करते हैं- अर्थात 'वे' सरकार से कुछ चाहते हैं लेकिन 'हम' नहीं चाहते हैं इसलिए इस सर्वेक्षण के लिए हमारे पास न आएं। इस तरह के दृष्टिकोण में सामाजिक न्याय की मांग को भीख का रंग मिल जाता है।

मूर्ति परिवार को पता होना चाहिए कि केंद्र ने भी यह कहते हुए आगामी जनगणना के साथ जाति गणना के लिए हस्ताक्षर किए हैं कि इससे पता चलेगा कि केंद्र सरकार 'राष्ट्र' और समाज के समग्र हितों और मूल्यों के लिए कैसे प्रतिबद्ध है'। जैसा कि मुख्यमंत्री पूछते हैं, क्या मूर्ति परिवार भी जनगणना में भाग लेने से अब इनकार कर देगा? जाति सर्वेक्षण के खिलाफ जुड़ा हुआ आरोप यह है कि यह कल्याणकारी उपायों के रूप में तुष्टिकरण या 'मुफ्त' के लिए आधार बनाता है।

# घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों की शिकायत, जांच व कार्रवाई की मांग तेज- बड़े आंदोलन की चेतावनी

- गोबरिया में सड़क निर्माण पर बवाल
- बिना तारकोल बिछा डामर

**अखंड भारत संदेश**



आरोपों के घेरे में विवादित सड़क

**चित्रकूट।** मुख्यालय से सटे गोबरिया गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रही बेडी पुलिया- गोबरिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर बिना तारकोल डाले सीधे डामर बिछा दिया गया, जिससे निर्माण शुरू होते ही कई स्थानों पर सतह उखड़ने लगी है। उनका कहना है कि मानकों की स्पष्ट अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग से सरकारी धनराशि पानी की तरह बह रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य ठेकेदार की पत्नी के नाम से हो रहा था, जबकि उसके पति, जो सरकारी अध्यापक बताए जाते हैं, विद्यालय छोड़कर फील्ड में काम देख रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने घटिया निर्माण का विरोध किया तो ठेकेदार पत्नी के पति ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। स्थिति तब और दिलचस्प हो गई जब मीडिया पहुंचा- तभी बोले कि वे तो आम जनता हैं और सिर्फ रास्ते से गुजर रहे थे। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी और उच्चाधिकारियों को भेजते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन की राह पर उतरेंगे। ग्रामीणों ने साफ कहा कि सड़क की मजबूती नहीं, मिलीभगत की कहानी ज्यादा दिखाई दे रही है।

# कसहाई में दो दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण शिक्षकों ने सीखे लो कॉस्ट मॉडल के गुण

**अखंड भारत संदेश**



विज्ञान प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन और हुंडई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कसहाई-1 में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 25 विद्यालयों के 35 से अधिक शिक्षकों ने भागीदारी दर्ज की। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि विकसित करने के लिए लो-कॉस्ट मॉडल तैयार करना था। श्वसन तंत्र, कंकाल तंत्र, पाचन तंत्र और सूक्ष्मदर्शी जैसे विषयों पर आधारित मॉडल वेस्ट मटेरियल और लो-कॉस्ट टीएलएम के माध्यम से तैयार कराए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल प्रभारी दिलीप सिंह, ग्राम प्रधान और विज्ञान शिक्षकों द्वारा किया गया। दो दिन तक चले इस विशेष प्रशिक्षण का संचालन विद्या वाहिनी के प्रशिक्षक विनय चतुर्वेदी, संजय चंद्राकर, सौरभ मिश्रा, रमेश कुमार और पवन शुक्ला की उपस्थिति में हुआ, जिसमें शिक्षकों को अभिनव, सरल और बच्चों के अनुकूल विज्ञान शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया गया।

# पेयजल आपूर्ति निगरानी के लिए विभिन्न योजनाओं में तैनात अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक

**जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल को लेकर परेशानी का सामना कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती ने बताया कि जल जीवन मिशन की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निमार्णाधीन एवं संचालित सभी पेयजल योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसी क्रम में सिलौटा मुस्तकिल, चांदी बांगर तथा रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत सभी प्रोजेक्ट मैनेजर, डीपीएम, जूनियर इंजीनियर एवं सहायक अभियंताओं के नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर जनपद चित्रकूट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं, साथ ही जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। निर्देशों के अनुपालन में रैपुरा ग्राम समूह जलापूर्ति योजना के 48 गांवों के लिए फर्म जीबीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस. मौर्या (मो 9642627050), जूनियर इंजीनियर विजय शंकर यादव (मो 9616377202) और सहायक अभियंता शशीकांत मौर्य (मो 9795186519) की जिम्मेदारी तय की गई है। वहीं चांदी बांगर समूह जल योजना के 55 गांवों में एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रोविंस कटियार (9602357867) सहित छह जूनियर इंजीनियरों और दो सहायक अभियंताओं की मोबाइल डायरेक्टरी जारी की गई है। सिलौटा मुस्तकिल समूह योजना के 54 गांवों के लिए भी एलएंडटी के अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक कर दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता ने ग्रामीणों से अपील की है कि पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या पर सीधे संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर कॉल कर समाधान प्राप्त करें। प्रशासन का दावा है कि अब गांवों की प्यास न शिकायत बनेगी, न इंतजार।

### क्या प्रशासन ने नम्बर जारी करके झाड़ा पल्ला?

कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि प्रशासन ने भले ही अधिकारियों के नंबर जारी कर दिए हों, लेकिन क्या ये अधिकारी समय पर फोन उठाएंगे? उनका कहना है कि जिले में पहले भी कई सरकारी हेल्पलाइन और संपर्क नंबर जारी हुए, पर ज्यादातर पर फोन उठाने की व्यवस्था लचर रही। लोगों का तर्क है कि केवल मोबाइल नंबर सार्वजनिक कर देना समाधान नहीं होता। आशंका जताई जा रही है कि कहीं प्रशासन ने जिम्मेदारी आगे बढ़ाने के नाम पर औपचारिकता तो नहीं निभा दी, जबकि वास्तविक समस्या समाधान अभी भी अधर में है।

# विशेष प्रवर्तन अभियान में आबकारी विभाग की दबिश, 500 किलो लहन नष्ट, दो पर मुकदमा दर्ज

**चित्रकूट।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत चित्रकूट में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज होती दिखी। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश और जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन पर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मऊ, अतिरिक्त चार्ज क्षेत्र-1 कर्वी, क्षेत्र-3 मानिकपुर और क्षेत्र-4 राजापुर की संयुक्त टीम ने थाना कर्वी क्षेत्र के ग्राम भैरोपगा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान करीब 500 किलोग्राम लहन मौके पर ही नष्ट किया गया, जबकि 40 लीटर अवैध मदिरा बरामद हुई। टीम ने संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 के तहत दो अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। विभाग का कहना है कि अभियान आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगा।

# वशिष्ठ गुरुकुलम में बाल खेल प्रतियोगिता, जिलेभर के बच्चों ने भरी जोरदार उपस्थिति

- जिले की 26वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू
- दौड़ से लेकर नाटक तक शानदार प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**



प्रतियोगिता में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** जिले की 26वीं दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 नवंबर को वशिष्ठ गुरुकुलम विद्यालय राजापुर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथियों संजीव मिश्रा, धनीराम वर्मा, सचिन त्रिपाठी, विजय भान सिंह, डीबीएसईओ बीके शर्मा और संयोजक- सह संयोजक दल ने मां सरस्वती और संत तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कबूतर उड़ाकर शुभकामनाएँ देते हुए समारोह की शुरूआत हुई। प्रथम दिवस पर रेरुवा और करौंदी कला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी और नशामुक्ति पर विशेष नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया। बीएसए बीके शर्मा ने मानसिक व शारीरिक विकास के संतुलन पर जोर देते हुए शिक्षकों को सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने प्रतियोगिता की रूपरेखा साझा की, वहीं विधायक अविनाश द्विवेदी ने शिक्षकों की भूमिका सराहते हुए पूरी मदद का आश्वासन दिया। अतिथियों ने 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। जिले के सभी पांच विकासखंडों और नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, गोला-थ्रो, डिस्कस-थ्रो और सांस्कृतिक वर्गों में प्रतिभाग किया। सह-संयोजक एनपी सिंह ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, अनुदेशकों और शिक्षा मित्रों का आभार व्यक्त किया, जबकि विभिन्न बीईओ ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं के कागजी विस्तार का पेश किया सरकारी दावा, जमीनी हकीकत में दावे खोखले?

- स्वास्थ्य ढांचे के दावों पर सवाल
- सुविधाएं और सेवा सवालों के घेरे में
- रेफर सेंटर पर चुप्पी

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े विस्तार का दावा किया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इन दावों की हकीकत पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। रिपोर्टों में संयुक्त जिला चिकित्सालय, एमसीएच विंग खोह, 7 सीएचसी और 28 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन का जिक्र जरूर है, पर कई जगहों पर स्टाफ की कमी, उपकरणों के न चलने और दवाओं की अनियमित उपलब्धता की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। कर्वी में चार नए शहरी आयुष्मान केंद्र खोले जाने और ग्रामीण अंचलों में 22 उपकेंद्र बनाने की बात कही जाती है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि कई उपकेंद्रों पर डॉक्टर महीने में कुछ ही दिन आते हैं। जिला अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी, सीटी स्कैन, डायलिसिस और गोल्डन कार्ड पर चिकित्सा सेवाओं का दावा भी किया गया है, जबकि मरीजों का कहना है कि मशीनें कई बार खराब रहती हैं और रेफर की स्थिति आम बात है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 इंटू 7 सेवाओं का उल्लेख है, लेकिन कई इलाकों में रात को स्टाफ की कमी के कारण मरीजों को निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता है। 961 आशाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं तक पहुंचने की बात कही गई है, पर कई क्षेत्रों में एम्बुलेंस सेवा के देर से पहुंचने की शिकायत वर्षों से बनी हुई है। सरकारी रिकॉर्ड भले ही सुविधाओं की लंबी सूची पेश करे, लेकिन वास्तविक सवाल यही है- क्या ये सुविधाएँ जनता को पूरी दक्षता से मिल भी रही हैं? या सरकारी दावे पेश कर जिले में सिर्फ रैंकिंग सुधार में ही प्रशासन लगा है?

# चित्रकूट में सपा का शक्ति प्रदर्शन, बीएलए प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं की जुटी भारी भीड़

- बीएलए को दिया जीत का मंत्र
- 2027 में बूथ से ही होगी लड़ाई



प्रतियोगिता में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** कर्वी के कृष्णकुंज मैरिज भवन में मंगलवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट का बीएलए स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी डॉ भीमराव अंबेडकर और सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बीएलए से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने वर्तमान सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान, नौजवान और व्यापारी वर्ग परेशान है और ऐसे समय में कार्यकताओं को संगठन के प्रति मजबूत भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में डॉ निर्भय सिंह पटेल ने एसआईआर प्रक्रिया को सबसे अहम बताते हुए बीएलओ के सहयोग से घर-घर गणना फार्म भरवाने की अपील की। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल और पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने भी कार्यकताओं से जिम्मेदारीपूर्वक इस अभियान में सक्रिय रहने का आग्रह किया। सदर विधायक अनिल प्रधान ने बीएलए से 30 नवंबर तक बीएलओ के साथ मिलकर पूर्ण गणना फार्म जमा कराने का निवेदन किया। कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में लापरवाही नहीं चलेगी और 2027 में बदलाव लाने हेतु सभी कार्यकताओं को पूरी ऊर्जा से जुटना होगा। कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक बीएलए और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उज्ज्वला योजना 3.0 में नए लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया पुनः शुरू

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत देशभर में 25 लाख नए गैस कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पात्र परिवारों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है, वे आवश्यक दस्तावेज/राशनकार्ड, उसमें दर्ज सभी लाभार्थियों के आधार कार्ड, महिला मुखिया का बैंक पासबुक और चार पासपोर्ट साइज फोटो-सहित अपने नजदीकी गैस एजेंसी में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद पात्रता सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने पर ही नया कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### बार कौंसिल चुनाव में गिफ्ट कल्चर हावी, संघर्ष करने वाले अधिवक्ता फिर हाशिये पर- रामप्रकाश



**चित्रकूट।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, वकालत जगत में सरगर्मी तेज होती दिख रही है। इसी बीच एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय ने बड़ा बयान देते हुए आरोप लगाया कि चुनावी मौसम में तरह-तरह के प्रलोभन बांटने का दौर फिर शुरू हो चुका है। उनका कहना है कि कई ऐसे प्रत्याशी, जिन्होंने कभी अधिवक्ताओं के हित में एक कदम नहीं उठाया, अचानक पदों के प्रति अतिआतुर दिखाई दे रहे हैं। यदि यही आतुरता वकीलों के वास्तविक मुद्दों पर होती तो प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट कब का लागू हो चुका होता। पांडेय ने कहा कि कुछ लोगों की चापलूसी और स्वार्थ सिद्धि ने अधिवक्ताओं के वास्तविक संघर्ष को कमजोर किया है। इस बार भी डायरी, कैलेंडर और पैसे का प्रचलन तेज दिख रहा है, जिससे बड़े सिद्धांतों और मजबूत नेतृत्व वाले उम्मीदवार अक्सर चुनावी दौड़ से बाहर हो जाते हैं। उनका कहना है कि चुनाव में दिखने वाला यह चमक-दमक असल में वकालत के भविष्य और अधिवक्ताओं के हक के मुद्दों को पीछे धकेल रही है।

### राजेंद्र पांडेय स्मरण में चल रही कथा में मृत्यु रहस्य व कृष्ण जन्म लीला का भव्य वर्णन, भक्ति का उमड़ा सागर





**चित्रकूट।** पुरानी बाजार स्थित स्वर्गीय राजेंद्र पांडेय के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का मंगलवार को चौथा दिवस भक्ति और आध्यात्मिक भावों से सराबोर रहा। नयागांव के आचार्य रवि शास्त्री ने भगवान श्रीराम के अवतार और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विस्तृत व हृदयस्पर्शी वर्णन करते हुए मृत्यु के संकेतों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब जीवन अंतिम पड़ाव पर पहुंचता है, तब यमदूत दिखाई देने लगते हैं और मृत्युदूत जरा सबसे पहले शरीर में बदलाव के रूप में संकेत देती है- कान के बाल सफेद होना, घुटनों में दर्द, उठने-बैठने में परेशानी, सुनने की क्षमता कम होना, और मुख से अनायास हे राम निकलना। इन संकेतों के बाद प्राण देह से मुक्त हो जाते हैं और जीव यात्रा अगले पड़ाव की ओर बढ़ती है। आचार्य ने अजामिल की कथा सुनाते हुए कहा कि पूर्वजन्म में किए गए अच्छे कर्म और मृत्यु समय निकला भगवान का नाम स्वर्ग द्वार खोल देता है। अजामिल ने अपने पुत्र का नाम नारायण रखा था। मृत्यु के क्षण में जब उसने अपने बेटे को पुकारा, तो नारायण नाम का उच्चारण होने मात्र से यमदूत पीछे हट गए और उसे स्वर्ग की प्राप्ति हुई। आचार्य ने भक्तों से आग्रह किया कि अपने पुत्र-पुत्रियों के नाम भगवान से जुड़े रखें, जिससे दैनिक जीवन में भी ईश्वर-स्मरण बना रहे। कथा के उपरांत कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में भक्त उमड़ पड़े। भजन, नृत्य और हर्षोल्लास से भरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु पूर्णतः भक्ति में लीन दिखाई दिए।

# राष्ट्रीय साहित्य मंच पर चित्रकूट के रामलाल द्विवेदी प्राणेश को मिला विशिष्ट सम्मान

**मूल नहीं दे पाया कोई, पुरस्कार तो ब्याज है : प्राणेश**

**चित्रकूट।** भोपाल में आयोजित तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के साहित्यकारों के बीच कर्वी चित्रकूट के डॉ रामलाल द्विवेदी प्राणेश सम्मानित हुए। 15 नवंबर को आयोजित इस समारोह में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर सहित अनेक प्रदेशों से लगभग सौ साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कहानी, कविता, लघुकथा और नाटक रचनाओं को अलंकरण प्रदान किया गया। इसी क्रम में डॉ प्राणेश को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत पंक्तियों- मूल नहीं दे पाया कोई, पुरस्कार तो ब्याज है- पर सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नरेश तिवारी ने की, जबकि संचालन डॉ अमित तिवारी ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहन तिवारी आनंद ने अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



पुरस्कार से सम्मानित होते कवि प्राणेश

# जल संरक्षण कार्यों के आधार पर चित्रकूट को मिला छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार सम्मान

**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट को जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्यों के लिए एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जल एवं जल संचयन जनभागीदारी अभियान 1.0 के तहत जिले में 15,000 से अधिक कार्य- जिनमें तालाबों का गहरीकरण, सोकपिट, बंधी निर्माण, समतलीकरण, वन क्षेत्र में ट्रेंच, जलतारा और वर्षा जल संचयन संरचनाएं शामिल रहीं- को उच्च स्तर पर आंका गया। इन्हीं प्रयासों के आधार पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने जिला चित्रकूट को छठा राष्ट्रीय जल एवं जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार तथा एक करोड़ रुपये की धनराशि से सम्मानित किया।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के लिए जिला स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित, पूछताछ अब होगी आसान

**चित्रकूट।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (सीर) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने एक नई पहल शुरू की है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र निगम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के हालिया निर्देशों के अनुसार जिले में निर्वाचन से जुड़ी पूछताछ और समस्याओं के समाधान के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यह हेल्प डेस्क मतदाता सूची से संबंधित संशोधन, नई प्रविष्टियों, आपत्तियों और अन्य शंकाओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बनाई गई है। निर्वाचकों की सुविधा के लिए यह हेल्प डेस्क जिला निर्वाचन कार्यालय एवं प्रत्येक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय में स्थापित की जा रही है। चित्रकूट जिला निर्वाचन कार्यालय में संचालित हेल्प डेस्क से संपर्क को फोन नंबर 05198-298090 तथा मोबाइल नंबर 9454418039 सार्वजनिक किए गए हैं। कार्यालय समय में यह डेस्क सक्रिय रहेगी। इसके संचालन हेतु ज्ञानचंद (मो 8896625831) और सुंदरलाल (मो 9966933766) को हेल्प डेस्क ऑपरेटर नामित किया गया है। निर्देशानुसार दोनों कर्मियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में उपस्थित रहकर सभी प्राप्त पत्राचार, शिकायतों एवं पूछताछों का समाधान सुनिश्चित करना होगा। प्रत्येक पूछताछ को रजिस्टर में दर्ज करते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना अनिवार्य होगा, ताकि निस्तारण प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

# आस्था के सफर में ट्रेजेडी, मदीना दुर्घटना पर ईरानी दूतावास का भारतीय तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि

**ईरानी**

**नई दिल्ली स्थित** ईरान दूतावास ने सोमवार को सऊदी अरब के मदीना में भारतीय तीर्थयात्रियों की दुखद मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया और भारत सरकार व लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। दूतावास ने एक पोस्ट में लिखा नई दिल्ली स्थित ईरान इस्लामी गणराज्य का दूतावास मदीना में भारतीय तीर्थयात्रियों की दुखद मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करता है और भारत गणराज्य की सरकार व लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। अपने पोस्ट में दूतावास ने "शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति" व्यक्त की, तथा मृतकों के लिए शाश्वत शांति और दया तथा उनके प्रियजनों के लिए धैर्य और शक्ति की प्रार्थना की।

रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भी पोस्ट किया कि वह सऊदी अरब के मदीना के पास भारतीय उमराह तीर्थयात्रियों से जुड़ी दुखद बस दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है



और कहा कि रियाद स्थित दूतावास और जेद्दा स्थित महावाणिज्य दूतावास इस मामले में हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि भारतीय अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों से जुड़ी दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएँ उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में हैं। कथित तौर पर, हैदराबाद से कई तीर्थयात्रियों को लेकर मक्का से मदीना जा रही एक बस में आग लग गई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह सऊदी अरब में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के साथ हुई दुखद दुर्घटना से दुखी है" और उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारी घायलों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मदीना के पास देर रात उमराह तीर्थयात्रियों से जुड़ी दुर्घटना के बाद एक 24७7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

# रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को भुगतने पड़ेंगे बेहद बुरे परिणाम, Trump ने कड़े प्रतिबंधों का किया ऐलान

**अमेरिका**

**रूस** के युद्धकालीन राजस्व को रोकने की अमेरिकी कोशिशें रविवार को और तेज हो गईं, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह सीनेट के नए विधेयक का समर्थन करेंगे, जो वाशिंगटन को उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है जो अभी भी मास्को के साथ व्यापार कर रहे हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा से व्हाइट हाउस के लिए रवाना होने से पहले संवाददाताओं से कहा, "रिपब्लिकन एक ऐसा कानून बना रहे हैं जो रूस के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश पर कड़े प्रतिबंध वगैरह लगाएगा।" सीनेटर लिंडसे ग्राहम द्वारा लंबे समय से समर्थित इस योजना ने यूक्रेन पर रूस के लगातार हमलों को लेकर कांग्रेस में बढ़ती निराशा के बीच



गति पकड़ ली है।

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को चेतावनी दी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि जो भी देश रूस के साथ व्यापार करेगा, उस पर ह्यह्यबहुत कड़ी पाबंदियांह्लह्ल लगाई जाएंगी। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन और रिपब्लिकन सांसद मॉस्को को निशाना बनाने वाले कड़े कानून पर आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा, ह्यह्यवे कानून पारित कर रहे हैं, रिपब्लिकन कानून ला रहे हैं, रूस के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश पर बहुत कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वे उसमें ईरान को भी शामिल कर सकते हैं, यह सुझाव मैंने दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया, तो कोई भी देश जो रूस के साथ व्यापार करेगा, उसे बहुत कड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा। हम इसमें ईरान को भी शामिल कर सकते हैं ह्लह्ल ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है जो दुनिया में सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। इसमें रूसी तेल की खरीद को लेकर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।

सांसद लिंडसे ग्राहम द्वारा पेश किए गए एक विधेयक में रूसी तेल की द्वितीयक खरीद और पुनः बिक्री पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

इस प्रस्ताव को संसद की विदेश संबंध समिति में लगभग सर्वसम्मत समर्थन मिला है।

# वियतनाम में पर्वतीय दर्रे पर भूस्खलन की चपेट में आई बस, छह यात्रियों की मौत

**वियतनाम**

**वियतनाम** में एक खतरनाक पर्वतीय दर्रे पर भूस्खलन की चपेट में आकर एक बस मलबे में दब गई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग ने सप्ताह भर भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है।

सरकारी मीडिया के अनुसार, रविवार देर रात मध्य पर्वतीय क्षेत्र में खांह ले दर्रे से गुजर रही बस पर अचानक मलबा और पत्थर गिर पड़े। करीब 33 किलोमीटर लंबा यह घुमावदार मार्ग खड़ी पहाड़ियों को काटकर बनाया गया है और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है, लेकिन बरसात के मौसम में भूस्खलन की घटनाएं आम हैं।

भूस्खलन से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री अंदर फंस गए। भारी बारिश के कारण दर्रे के दोनों ओर भूस्खलन होने से रास्ता बंद हो गया, जिसके चलते बचावकर्मियों को मौके तक पहुंचने में घंटों लग गए।

बचाव दल आधी रात के बाद ही बस तक पहुंच सके। बस में 32 यात्री सवार थे, जो वियतनाम की आर्थिक राजधानी हो ची मिन्ह सिटी से दा लात होते हुए तटीय शहर न्हा त्रांग जा रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मीडिया के अनुसार, मुश्किल भूभाग के कारण दो शव मलबे में ही फंसे हुए थे। वियतनाम का मध्य क्षेत्र भारी बारिश से प्रभावित है, जिसे इससे पहले तूफान



कलमाएगी ने भी नुकसान पहुंचाया था। बुधवार तक कुछ हिस्सों में 30 से 60 सेंटीमीटर, जबकि कुछ जगहों पर 85 सेंटीमीटर से अधिक बारिश होने की आशंका है।

रविवार को ह्यू शहर के पहाड़ी इलाकों में भीषण बारिश से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिससे उत्तर से दक्षिण को जोड़ने वाले एक प्रमुख राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया और कई गांवों का संपर्क टूट गया।

वियतनाम दुनिया के सबसे अधिक बाढ़-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग आधी आबादी उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में रहती है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दक्षिण-पूर्व एशिया में तूफान और बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन अधिक विनाशकारी और बार-बार होने लगे हैं।

# कतर दौरे के बाद रूस पहुंचे जयशंकर, विदेश मंत्री लावरोव ने मीटिंग से पहले ऐसा क्या कहा? टिक गई हर किसी की निगाहें



**रूस**

**रूसी** विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच आज मॉस्को में बातचीत होगी, जिससे दिसंबर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले एक महत्वपूर्ण दौर की बातचीत का मंच तैयार हो गया है। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्री नई दिल्ली और मॉस्को के बीच आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और साथ ही प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और जी20 के भीतर सहयोग पर इस वार्ता में प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है।

जयशंकर वर्तमान में मॉस्को में हैं और एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसकी मेजबानी 18 नवंबर को रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन करेंगे। रूसी अधिकारियों ने कहा है कि लावरोव और जयशंकर दिसंबर की शुरूआत में होने वाले 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की तैयारियों पर चर्चा कर सकते हैं, जैसा कि ळअरर में बताया गया है। पुतिन ने पहले अपनी सरकार को भारत के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों के विस्तार के प्रस्तावों की जाँच करने का निर्देश दिया था, जिसमें रसद, भुगतान और बढ़ते व्यापार असंतुलन से संबंधित चुनौतियों का समाधान शामिल है।

# हमारे और पाकिस्तान के बीच में आया तो.... Army Chief ने बताया चीन के साथ क्या हो जाएगा



**पाकिस्तान**

**भारतीय** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को एक ट्रेलर करार दिया और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा। चाणक्य डिफेंस डायलॉग में बोलते हुए, जनरल द्विवेदी ने कहा कि जब पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय है। हम प्रगति की बात करते हैं, लेकिन अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है, तो हमें कार्रवाई करनी होगी। हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को निश्चित रूप से जवाब देंगे। अगर कोई धमकी भरा पत्र भी आता है, तो हम जानते हैं कि किसे जवाब देना है।

उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद और राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। मई में हुआ ऑपरेशन सिंदूर तो बस एक ट्रेलर था। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों पर हमला किया गया था, जो जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से जुड़े थे। भारत ने सटीक हथियारों रउअछढ क्रूज मिसाइलों, गाइडेड बमों का इस्तेमाल किया और किसी भी तरह के नुकसान से बचने पर जोर दिया। 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर टिप्पणी करते हुए, सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद में कमी आई है और पथराव की कोई घटना नहीं हुई है।

जनरल द्विवेदी ने आगे कहा कि अक्टूबर 2024 से दोनों पक्षों के राजनीतिक नेताओं के बीच बातचीत के बाद चीन के साथ संबंधों में सुधार हुआ है। पिछले एक साल में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। हमारे संबंधों में काफी सुधार हुआ है।

# मादुरो से बातचीत कर सकता है अमेरिकाः ट्रंप ने विमानवाहक पोत की वेनेजुएला के पास तैनाती के बीच कहा

**अमेरिका**

**अमेरिका** के सबसे उन्नत विमानवाहक पोत की तैनाती के जरिए वेनेजुएला के पास सैन्य उपस्थिति बढ़ाए जाने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनका देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के साथ बातचीत कर सकता है।

ट्रंप ने मादुरो के साथ संभावित चर्चा के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी लेकिन उन्होंने कहा कि ह्यह्यवेनेजुएला बातचीत करना चाहेगा।ह्लह्ल यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब ट्रंप प्रशासन ने मादक पदार्थों के परिवहन के संदेह में पोतों के खिलाफ कई सैन्य हमले किए हैं।

अमेरिकी नौसेना ने एक बयान जारी कर ह्ययूएसएस गेराल्ड आर फोर्डह्ल और अन्य युद्धपोतों की तैनाती की घोषणा की। अमेरिकी प्रशासन इसे मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान के लिए महत्वपूर्ण मानता है लेकिन इसे मादुरो के विरुद्ध दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

ट्रंप से रविवार को पूछा गया कि उनकी इस बात का क्या मतलब है कि मादुरो बातचीत करना चाहते हैं तो उन्होंने कहा, ह्यह्यइसका क्या मतलब है? आप ही बताइए, मुझे नहीं पता।ह्लह्ल उन्होंने कुछ क्षण बाद कहा, ह्यह्यदेखते हैं क्या होता है।ह्लह्ल अमेरिका के ह्यऑपरेशन सदर्न स्पीयरह्ल मिशन के तहत नौसेना के लगभग एक दर्जन पोत और लगभग 12,000 नाविक और मरीन क्षेत्र में तैनात किए गए हैं।

# अब अमेरिका के पड़ोस में हथौड़ा लिए सड़कों पर उतरे Gen-Z, प्रेसिडेंट को गद्दी से हटाने के लिए बेकाबू हुई

**अमेरिका**

**नेपाल** में जो जेंजी प्रोटेस्ट की शुरूआत हुई थी उसका लहर आपको दुनिया के कई हिस्सों में देखने को मिला। अलग-अलग देश में जो जेन-जेड हैं वो अपने मुद्दे को उठा रहे थे और अब तो यहां पर अमेरिका का जो पड़ोसी देश है मेक्सिको वो भी बच नहीं पाया है। बड़ी मात्रा में जेन-जेड सड़क पर उतर रहे हैं। मेक्सिको में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, सार्वजनिक हत्या औरा सुरक्षा की कमी के खिलाफ जेन जेड ने प्रदर्शन किया। पश्चिमी राज्य मिचो आकन (ट्रूँड्ढंल्ल) के मेयर कार्लोस मांजो की गोली मारकर हत्या के बाद गुस्सा और भड़क गया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास नैशनल




पैलेस की सिक्योरिटी बैरिकेडिंग को भी गिरा दिया। पुलिस पर लाठी, जंजीर और हथौड़े से हमला हुआ। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। प्रदर्शन में 120 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 100 पुलिसकर्मी हैं। 20 प्रदर्शनकारियों को अरेस्ट किया गया है। जेन जेड उस पापुलेशन को कहते हैं जो 1997 और 2012 के बीच पैदा हुई है।

ड्रग कार्टेल से मिली हैं राष्ट्रपति

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाडिया शायनबाम पर ड्रग कार्टेल के साथ मिलीभगत का जेन जेड आरोप लगा रहे हैं। शायनबाम ट्रंप के खिलाफ खुलकर बोलने के लिए मशहूर है। कार्लोस मांजो मिचोआकन के उरुआपान सिटी के मेयर थे।

उन्होंने ड्रग कार्टेल के खिलाफ ऑपरेशन चलाया था। आरोप है कि इसीलिए एक नवंबर को उनकी हत्या हुई।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# यूएई वैश्विक समुद्री नीति को देगा आकार, IMO परिषद में सदस्यता की मजबूत दावेदारी

**यूएई**

**यूएई** ने श्रेणी (बी) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) परिषद में पुनः चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की है। यह कदम वैश्विक समुद्री नौवहन प्रणाली का समर्थन करने, समुद्रों की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने, और समुद्री परिवहन उद्योग को नियंत्रित करने वाली अंतर्राष्ट्रीय नीतियों को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए यूएई की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह एक वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में यूएई की स्थिति को भी दर्शाता है - एक ऐसी शक्ति जिसके पास उन्नत बुनियादी ढाँचा, लचीला कानून और रणनीतिक निवेश हैं, जिसने इसे समुद्री स्थिरता, नवाचार और सुशासन के क्षेत्र में एक आदर्श बना दिया है।

यह 1980 में संगठन में शामिल होने के बाद से यूएई की प्रभावशाली भूमिका की निरंतरता को भी दर्शाता है, जो उत्सर्जन को कम करने और सुरक्षित एवं अधिक टिकाऊ समुद्र सुनिश्चित करने के लिए बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय पहलों का समर्थन करने में अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से है। ऊर्जा एवं अवसंरचना मंत्री सुहैल मोहम्मद अल मजरूई ने पुष्टि की कि आईएमओ परिषद में सदस्यता के लिए यूएई का पुनः नामांकन, अंतर्राष्ट्रीय मंचों और संगठनों में देश की उपस्थिति को मजबूत करने तथा वैश्विक समुद्री परिवहन उद्योग के भविष्य को आकार देने में सक्रिय योगदान देने में बुद्धिमान नेतृत्व की



दूरदर्शी दृष्टि का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात आज एक वैश्विक समुद्री केंद्र का प्रतिनिधित्व करता है जो आर्थिक विकास को समुद्री पर्यावरण के संरक्षण के साथ जोड़ता है। हमने नवाचार और स्थिरता के उच्चतम मानकों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाई है। यह उन्नत बुनियादी ढाँचे द्वारा समर्थित है जिसे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। अल मजरूई ने आगे कहा कि यूएई का समुद्री क्षेत्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संचालकों में से एक है, जो सकल घरेलू उत्पाद में 135 अरब दिरहम से अधिक का योगदान देता है। यूएई में लगभग 27,000 समुद्री कंपनियाँ कार्यरत हैं, जबकि इसकी राष्ट्रीय कंपनियाँ 78 देशों में 106 बंदरगाहों का प्रबंधन करती हैं, जिससे वैश्विक व्यापार और रसद सेवाओं के एक प्रमुख केंद्र के रूप में देश की स्थिति मजबूत होती है।

यूएई के बंदरगाह अरब की खाड़ी क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत माल की आवाजाही का प्रबंधन करते हैं और सालाना 2.1 करोड़ से अधिक कंटेनरों का प्रसंस्करण करते हैं, जिससे वे दुनिया भर में महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव वाले अत्यधिक प्रतिस्पर्धी समुद्री केंद्र बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि यूएई ने दुनिया के सबसे उन्नत स्मार्ट बंदरगाहों में शुमार जेबेल अली बंदरगाह, खलीफा बंदरगाह और फुजैरा बंदरगाह जैसे स्मार्ट बंदरगाहों का एक नेटवर्क विकसित करने में निवेश किया है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और समुद्री व्यापार के प्रमुख केंद्र बन गए हैं, साथ ही नवीनतम डिजिटल परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों के कार्यान्वयन के लिए परीक्षण स्थल भी बन गए हैं।